यानि जिसको हम सुन्दरता समझ रहे थे वो हमारी अपनी दृष्टि की सुन्दरता थी । और जो तमाशा हम देख रहे थे वो हमारी अपनी ही दृष्टि का था क्योंकि अपना दृष्टि कोण बदलते ही दूसरे की सुन्दरता अपनी नज़र में खत्म हो जाती है ।

प्रभु को प्रेम प्यारा है इसलिए प्रेमी को नज़र में रखते हैं । कुछ देर उसको पूरी आज़ादी दे देते हैं ।

और उसके संसारिक प्यार की दुनिया अच्छी तरह बसा देते हैं लेकिन जब देखते हैं कि ये ज़रूरत से ज्यादा दुनिया से चिपक रहा है तो उसका सारा खेल खराब कर देते हैं फिर जिस तरह किसी बच्चे के खिलौने टूट जाने पर वह रोता चिल्लाता सीधा अपनी माँ की गोद में जाता है इसी तरह प्रेमी भी रोता हुआ जगत जननी माँ की गोद की तरफ़ भागता है । वकौल मेरे—

हम एहले दिल के मुआमले में अजब तुम्हे पुर मज़ाक़ देखा ।
जिसे मिलाना हो खुद से उसकी बसा के दुनिया खराब कर दी ।।
शायर की ज़िन्दगी एक खुली हुई किताब की तरह होती है ।
दिल पे जो गुज़री शिफ़ा कहते गए अशआर में ।
इस तरह दुनिया हमारी राज़दाँ बनती गई ।।

वो शराब पीता है तो कह देता है । किसी से प्यार करता है तो बता देता है । जब प्यार में कोई तकलीफ़ होती है तो उसे बयान कर देता है और जब बाज़ी मात होती है तो उसे भी नहीं छुपाता । सब कुछ अपनी कविता में कहता चला जाता है ।

उर्दू शायरी में हर किस्म की बात कहने के लिए एक सिन्फ़ यानि बयान का तरीका मौजूद है। प्रभु की तारीफ़ विनती या स्तुति को हम्द कहते हैं। पेगम्बरों के बारे में जो लिखते हैं उसे नात, किसी बुर्जुग या गुरुदेव की विनती या स्तुति को मनक़बत कहते हैं। कोई बड़ी वार्ता लिखनी हो तो उसके लिए मसनवी है। छोटी से छोटी बात कहनी हो तो चार लाइनों में रूबाई कहते हैं किसी बड़े आदमी की तारीफ़ करनी हो उसे क़सीदा कहते हैं। शादी पर सेहरा, लड़की की शादी पर रूखसती, मौत पर मरसिया ग़रज़ हर मौक़े के लिए कविता की एक क़िस्म मौजूद है लेकिन अपने इष्ट से, प्रेमी से या प्रेमिका से बात करने या उसकी तारीफ़ बुराई भलाई या उससे लड़ाई या और कुछ कहने सुनने के लिए उर्दू कविता की एक क़िस्म सबसे अलग रखते हैं और उसको ग़ज़ल कहते हैं। ग़ज़ल में सियासत या और किसी क़िस्म की बात बयान नहीं करते।

मेरी इस किताब में सौ ग़ज़लें हैं, और ग़ज़लों में से छाँटे हुए सौ शेर हैं जिनकी तस्वीर भी है अंग्रेज़ी में अनुवाद भी है और हिन्दी, उर्दू अंग्रेज़ी और रोमन लिपि में लिखे हुये हैं। इनमें मैंने अपनी ज़िन्दगी के मधुर भाव का वर्णन किया है। इसलिए इस किताब में और कोई नज़्म, किता या रूबाई आदि कुछ नहीं रक्खा है। मेरी दूसरी कई किताबें हैं पहली पुस्तक बोस्ताने रूस है जिसमें रूसी ज़बान से चन्द रूसी शायरों की नज़्मों का अनुवाद उर्दू कविता में किया है दूसरी किताब नुस्खा—ए—शिफ़ा मेरा दीवान है। इसमें ग़ज़लें, तन्ज़िया नज़्में, क़सीदे, सेहरे, पन्द नामे, मरसिये आदि शामिल हैं। पुष्पमाला एक किताब मनक़बतों की है और मेरे शौक़ की झलकियाँ एक किताब है इसमें एक-एक साल की एक ग़ज़ल तीन तन्ज़िया नज़्मे, रूसी नज़्म का अनुवाद फ़ारसी की ग़ज़ल अमीर ख़ुसरो के फ़ारसी अशआर पर उर्दू में तज़मीन और डाक्टरी मज़मूनों का रूसी से अंग्रेज़ी में अनुवाद है। किताब आख़िरी मोड़ में गुरुदेव और दूसरे सन्तों का उल्लेख है जिनकी मुझ पर

कृपा रही है। किताब समर्पण में, गीत, भजन और ग़ज़लें प्रभु चरणों में और गुरु चरणों में अर्पण की है और छोटी-छोटी कई किताबें हैं जो अलग-अलग समय में अपने वातावरण और मन के भाव के मुताबिक़ लिखी हैं।

अब मेरी हालत ऐसी है कि ये महसूस होता है कि शायद ये मेरी आखिरी किताब होगी। आगे जो प्रभु कों मुझसे काम लेना होगा वो लेंगे।

अंग्रेजी अनुवाद में शब्दों के तरजुमे की बजाय शेर का भाव स्पष्ट करने की ज्यादा कोशिश की गई है।

(डा०) प्रेमलाल शिफ़ा देहलवी
२७-७-१९८१

२२-७-१९५६

ग़ज़ल

उल्फ़त की अगर रूदाद सुनो तो मेरा फ़साना काफ़ी है ।
हां, ज़िकरे जफ़ा-ए दोस्त नहीं बेदादे ज़माना काफ़ी है ।।

हम से था इबारत खन्दा-ए-गुल हर बात पे आ जाती थी हँसी ।
अब [1]अज़मते गिरया हमसे है रोने को बहाना काफ़ी है ।।

इस दौरे जूनूँ में अपना पता हम इसके सिवा क्या समझाएं ।
इक नक़्शे क़दम सजदों के निशां बस इतना ठिकाना काफ़ी है ।।

पहुँचा की नहीं उस तक कोई इसकी तो कोई [3]तहक़ीक़ नहीं ।
हम सूये हरीमे दोस्त अगर हो जाएं रवाना काफ़ी है ।।

बस हम तो महोब्बत करते हैं हम हमदो सना को क्या समझें ।
सुनते हैं रिझाने को उनके उल्फ़त का तराना काफ़ी है ।

दुनिया को भला हम क्या देंगे ख़ुद दस्त [4]निगर हैं हम उनके ।
कुछ उनपे तसददुक़[5] करना हो तो ग़म का ख़ज़ाना काफ़ी है ।।

बेगाना हुआ हर शख़्स यहाँ हम जिसको शिफ़ा अपना समझे ।
अब उसका दामन थाम लिया बस वही [6]यगाना काफ़ी है ।।

---

१. रोने की बड़ाई, २. प्रमाण, ३. मोहताज, ४. न्यौछावर, ५. अकेला,

२१-८-१९५६

ग़ज़ल

अब तुम्हारा ग़म मिरे दिल से मिटा सकता है कौन।
जो तुम्हारा है उसे अपना बना सकता है कौन॥

या तो दीवाना हँसे या तुम जिसे तौफ़ीक़[1] दो।
वरना इस दुनिया में रहकर मुस्कुरा सकता है कौन॥

अब तो दिल घबरा गया है शिददते[2] आलाम से।
तुम बताओ अबरे[3] रहमत बनके छा सकता है कौन॥

[4]ज़ीस्त से ऊमीद [5]वाबसतां है उनके [6]क़ुर्ब की।
वरना इस [7]बारे अमानत को उठा सकता है कौन॥

हमने आंखें बन्द करके दिल में देखा है तुम्हें।
सामने आओ तो ताबे[8] दीद ला सकता है कौन॥

वाक़िफ़े अन्जामे उल्फ़त थे हम इसके बावजूद।
वो फ़रेबे दोस्ती खाया है, खा सकता है कौन॥

जब करम होता है मिल जाते हैं [9]कोहो [10]दश्त में।
दैरो काबे में भी वरना उनको पा सकता है कौन॥

[11]इश्तियाक़े दीद शायद कर रहा था रह बरी।
किस तरह हम आए मन्ज़िल तक बता सकता है कौन॥

मै हो या मस्ती बक़दरे [12]ज़रफ़ मिलती हैं शिफ़ा।
और अपने ज़रफ़ को उनसे छुपा सकता है कौन॥

---

१. सामर्थ, २. ग़मों की ज्यादती, ३. कृपा का बादल, ४. ज़िन्दगी, ५. जुड़ी हुई, ६. क़रीब होना, ७. बोझ, ८. हिम्मत, ९. पहाड़, १०. जंगल, ११. दर्शनों का शोक़, १२. सहनशक्ति,

९-९-१९५६

ग़ज़ल

[1]दानिस्ता [2]तग़ाफ़ुल करते हैं फिर उनका भरोसा कौन करे।
जब तक न इशारा हो उनका इज़हारे तमन्ना कौन करे॥

हम अपना [3]शिकस्ता दिल लेकर बाज़ारे [4]ख़िरद में फिरते हैं।
दीवाना कोई जब तक न मिले इस दिल का सौदा कौन करे॥

हम ज़ब्त का दामन क्यों छोड़ें जब तक है बुजूदे दिल बाक़ी।
होगा तो करम हो जाएगा अब उनसे तक़ाज़ा कौन करे॥

हम अपनी मुसीबत को अपने [5]आमाल का हासिल कहते हैं।
तौहीने [6]सुहोब्बत कौन करे महबूब को रूसवा कौन करे॥

हर बात [7]तसन्नो से [8]पुर है, ये दौर है ज़ाहिरदारी का।
वादे तो सभी कर लेते हैं वादों को पूरा कौन करे॥

हर दम हो [9]नज़ा का अन्देशा, तो सय्ये अमल नामुमकिन है,
हम हुस्ने अमल के क़ायल हैं अन्देशा-ए-[10]फ़रदा कौन करे॥

साक़ी ने निगाहें जब फेरीं मुँह मोड़ लिया मैख़ाने से।
हम रिन्द हैं लेकिन उल्फ़त की [11]तज़्लील गवारा कौन करे॥

आदाब जुदा है उल्फ़त के है राह अलग दीवानों की।
दुनिया से शिफ़ा हम क्या लेंगे पाबन्दिये दुनिया कौन करे॥

---

१. जानबूझकर, २. बेपरवाही, ३. टूटा हुआ, ४. अक़्ल, ५. बनावट, ६. भरी हुई, ७. फल, ८. कल की फ़िक्र ९. बेइज्जती,

७-११-५६

ग़ज़ल

फिर आएगा इनक़िलाब शायद जूनुं के तेवर बदल रहे हैं।
के ख़ुश्क थीं मुद्दतों से आंखें फिर उनसे आंसू निकल रहे हैं॥

तुम्हें बताया था मैंने शायद के दिल में नासूर हो गए थे।
अब आके देखो के अब तो उनसे लहू के चश्मे उबल रहे हैं॥

हमीं से आँखें बदल रही है हमारी दुनिया तबाह करके।
चली कहाँ [1]गरदिशे ज़माना, के हम भी हमराह चल रहे हैं॥

इधर न आना के तुमसे देखा न जाएगा बेरुख़ी का हासिल।
करम था इक दिन तुम्हारा जिन पर वो ग़म के सांचे में ढल रहे हैं॥

हुआ अगर उनपे [2]क़हर [3]नाज़िल तो ये [4]मशीयत है हमने वरना।
बुरा न चाहा, न बद्दुआ दी ख़ुद आग में अपनी जल रहे हैं॥

ग़मे मोहब्बत के [5]मासिवा अब रहा है क्या दिल के ग़म कदे में।
ज़माना कर देगा ख़त्म उनको जो चन्द अरमां मचल रहे हैं॥

शिफ़ा ये माना कि मिट गए हम, हमारा ईसार रंग लाया।
के आज हमको मिटाने वाले मिटा के ख़ुद हाथ मल रहे हैं॥

---

१. काल का चक्कर, २, भगवान का ग़ुस्सा, ३. गिरना, ४. प्रभु की इच्छा, ५. इसके सिवा,

११-११-५६

ग़ज़ल

जब ज़बाँ पर हदीसे [1]सिफ़ात आ गई।
यूं समझ लो समझ में वो ज़ात आ गई॥

और क्या देखता आपको देखकर।
मेरी नज़रों में कुल [2]कायनात आ गई॥

हिज्र के दिन रहे शाम के [3]मुनतज़िर।
शाम आई के फिर सिर पे रात आ गई॥

दास्ताँ उससे आगे न मैं कह सका।
जिस जगह हिज्र की वारदात आ गई॥

इश्क़ तय कर चुका था कई मन्ज़िलें।
राह में हाय फ़िक्रे [4]निजात आ गई॥

मैं तो दुनिया से दामन बचा कर चला।
सामने फिर वोही [5]बेसबात आ गई॥

कोई सुनले तो शायद समझ ले शिफ़ा।
मेरे [6]अशआर में दिल की बात आ गई॥

---

१. गुणों का वर्णन, २. जगत, ३. इन्तज़ार में, ४. मुक्ति की फ़िक्र, ५. नासबान, ६. शेरो।

५-४-५७

ग़ज़ल

जुदा नहीं हूँ मैं आपसे अन दुई का बाक़ी निशां नहीं है।
बयाँ नहीं आपका [1]मुसलसल तो वो मिरी दास्तां नहीं है॥

मैं आपकी ख़ाके रह गुज़र हूँ इसी से अज़मत है मेरी वरना।
मैं जानता हूँ मक़ाम मेरा ज़मीन है आसमाँ नहीं है॥

अगर नहीं आप उसके [2]उनवाँ तो वो नहीं है बयान मेरा।
अगर कहीं ज़िक्रे [3]मासिवा है हुज़ूर मेरी ज़बाँ नहीं हैं॥

हैं होश दीवानगी में इतना अगर कहें आप होश इसको।
अगर जबीं ख़ुद करे न सजदा तो आपका आस्ताँ नहीं है॥

नहीं है हाइल बुते मजाज़ी बस अब तो सजदे क़बूल कर लें।
मिरी [4]ज़बीं और आपके दर में अब कोई दरमियां नहीं है॥

नहीं [5]ख़िरद की ये दिल की बातें हैं मैं कहूं और आप समझें।
के इस जहाँ में ज़बाने उलफ़त का एक भी [6]तरजूमाँ नहीं है॥

अजीब दस्तूर है यहाँ का के [7]आजिज़ी में है [8]सरबलन्दी।
दयारे उलफ़त है ऐसी बस्ती जहाँ कोई [9]हुक्मराँ नहीं है॥

उन्हीं का दुनिया में नाम बाक़ी हैं आप को पा लिया जिन्होंने।
नहीं तो आए गए हैं लाखों किसी का बाक़ी निशाँ नहीं हैं॥

असर है इनमें [10]ख़ूलूसे दिल का जो दिल में आई वो बात कह दी।
के जिस की बातों में हों फ़साने शिफ़ा वो जादू बयाँ नहीं है॥

---

१. लगातार, २. शीर्षक, ३. द्वैत, ४. मस्तक, ५. बुद्धि, ६. वर्णन करने वाला, ७. नम्रता, ८. सिर ऊँचा होना, ९. राज करने वाला, १०. मन की पवित्रता।

२५-४-५७

ग़ज़ल

अब भी उसकी याद आकर दिल को तड़पा जाए है।
यूं भुलाने से कहीं उस बुत को भुला जाए है॥

और गहरे हो रहे हैं एहदे माज़ी के नक़ूश।
दिल का हर इक ज़ख़्म अब नासूर बनता जाए है॥

ख़ुद-ब-ख़ुद इक हूक उठती है तड़प जाता है दिल।
जान कर ऐ दोस्त वर्ना किससे तड़पा जाए है॥

दिल की हालात अब तो सूरत से अयाँ होने लगी।
जिसको देखो मुंह मिरा हैरत से तकता जाए है॥

अब तो है तर्के तमन्ना ही ग़मे दिल का इलाज।
इन तमन्नाओं से दिल का दर्द बढ़ता जाए है॥

पासे ख़ातिर है कहूं क्या अपने चारासाज़ से।
बढ़ रही है टीस जितना ज़ख़्म भरता जाए है॥

जाम मिलते है शिफ़ा को उनकी चश्मे मस्त से।
[1]लग़ज़िशें करता है ये लेकिन संम्भलता जाए है॥

---

१. गल्तियाँ।

१६-८-१९५६

ग़ज़ल

उन्हें फ़िकरे मरगो [1]हयात क्या तिरी रह गुज़र में जो आ गए।
कभी रहगुज़र से उठे अगर तो हयातो मौत पे छा गए॥

वो शबाब की तरह लम्हा भर रहे ज़िन्दगी में मिरी मगर।
जिन्हें उम्र भर न मिटा सका वो नुक़ूश दिल पे बना गए॥

वो ग़मे हयात का सिलसिला के [2]मुहाल था जिसे तोड़ना।
मुझे कुछ भी याद नहीं रहा कभी याद वो अगर आ गए॥

जो वो बेनियाज़े वफ़ा रहा तो ये उसका अपना [3]शिआर था।
हमें बेवफ़ा से नहीं गिला के हम अपना फ़र्ज़ निभा गए॥

न मिला हमें कोई राहबर मिले बन्द दैरो हरम के दर।
ये जुनूने शौक़ का था असर के हरीमे [4]हुस्न तक आ गए॥

यही दिल था जिसमें मुक़ीम था जिसे छोड़कर वो चला गया।
इसे कौन आके संम्भालता हमीं आए अश्क बहा गए॥

न मिला जबीं को जो दर तिरा तो मलाल क्या तू कहाँ न था।
जहाँ हम ने सर को झुका दिया वहीं सजदा गाह बना गए॥

ये हयात वक़फ़े [5]फ़िराक़ थी दमे मर्ग भी तिरी याद थी।
येही दास्ताने हयात थी जिसे हिचकियों में सुना गए।

बहे ग़म में अश्क तो क्या हुआ तिरे दिल का मैल तो धुल गया।
जो समझ सके तो समझ शिफ़ा वो हँसा गए के रूला गए॥

---

१. जीवन-मृत्यु, २. मुश्किल, ३. काम, ४. सुन्दरता की चारदीवारी, ५. बिरह में लगी हुई।

१८-८-५१

ग़ज़ल

साक़ी के इशारों से ख़बरदार हमीं हैं।
पीकर कभी बहके नहीं हुशियार हमीं हैं॥

ला कितनी जफ़ाएँ है वफ़ाओं के सिले में।
इस [1]जिन्स के दूनिया में ख़रीदार हमीं हैं॥

हाँ [2]क़ैस भी फ़रहाद भी बदनाम थे लेकिन।
इस दौर में रूसवा सरे बाज़ार हमीं हैं॥

बेदादे मुसलसल की जो देते हैं [3]शहादत।
मिटते हुए वो नक़्श ब दीवार हमीं हैं॥

थे वक़्ते ख़ता ख़ौफ़ज़दा बाद में [4]नादिन।
और अब तिरी रहमत के [5]तलबगार हमीं हैं।

अब [6]चारसू जिनके है अन्धेरा ही अन्धेरा।
वो हलक़ा—ए—गेसु के गिरिफ़तार हमीं हैं॥

एहसास हमीं को है करम का तिरे साक़ी।
इस बेख़ुदी के दौर में हुशियार हमीं हैं॥

तौहीने मोहब्बत न हुई जिनको गवारा।
ठुकरा दिया दुनिया को वो ख़ुद्दार हमीं हैं॥

कहते हैं शिफ़ा हमको शिफ़ा भी सही लेकिन।
ऐ रशके मसीहा तिरे बीमार हमीं हैं॥

---

१. चीज़, २. मजनू, ३. गवाही, ४. लज्जित, ५. भागने वाले, ६. चारों तरफ।

२८-८-५७

ग़ज़ल

दिल हक़ीक़त से जब आशना हो गया।
फिर किसी का नहीं आपका हो गया ॥

देख लेना [1]लरज़ जाएगा आस्ताँ।
एक सजदा जो दिल से अदा हो गया ॥

छेड़ते हैं महोब्बत की मिज़राब से।
आज जब साज़े दिल बे सदा हो गया ॥

काम आ ही गयीं मेरी [2]रुसवाइयाँ।
वो मिरे नाम से आशना हो गया ॥

अब तो हर शै में आने लगे तुम नज़र।
दूर अन्देशा—ए—[3]मासिवा हो गया ॥

कुश्ता—ए—नाज़ को हँस के रूख़सत करो।
जो महोब्बत को मंज़ूर था, हो गया ॥

कोई मिलता नहीं [4]रिन्द जिसको कहें।
जिसको देखो वही [5]पारसा हो गया ॥

वो ये समझे के चारागरी कर चले।
दर्द—ए—दिल पेशतर से सिवा हो गया ॥

तुझको मंज़िल भी मिल जाएगी ऐ शिफ़ा।
शौक़ तेरा अगर [6]रहनुमा हो गया ॥

---

१. काँप उठेगा, २. बदनामी, ३. द्वैत, शराबी, ५. भगत, ६. पथ-दर्शक ।

६-९-१९५७

ग़ज़ल

हाल हम बज़्म में [1]बरमला कह गए।
कुछ न समझा कोई उनसे क्या कह गए।

एहले महफ़िल वे यूं राज़ इफ़शा हुआ।
बेख़ुदी में उन्हें दिल रूबा कह गए॥

गो ज़बाँ खोलने की इजाज़त न थी।
हम इशारों में सब [2]मुददआ कह गए॥

हमने क़िस्सा न अपना किया है बयाँ।
बलके रूदादे एहले वफ़ा कह गए।

मरते मरते भी रखा किसी का भरम।
बेवफ़ा था उसे बावफ़ा कह गए॥

हम तो बन्दे है अब तक उन्हीं के शिफ़ा।
जो हमें प्यार से [3]आशना कह गए॥

---

१. सबके सामने, २. मतलब, ३. दोस्त।

८-९-१९५७

ग़ज़ल

उनके जलवों की तसव्वुर में [1]फ़िरावानी है आज।
जिस जगह मैं हूं वहाँ हर चीज़ [2]नूरानी है आज ।।

उनका जलवा [3]कारफ़रमा है किसी के हुस्न में।
इश्क़ फिर हल्क़ा [4]बगोशे हुस्ने इन्सानी है आज ।।

इज़्ने [5]मेनोशी है फिर साक़ी की चश्मे मस्त से।
हमने तौबा तोड़कर पीने की फिर ठानी है आज ।।

अब तो पीने से सिवा हैं [6]लग़ज़िशों में [7]लज़्ज़तें।
क्योंकि फिर साक़ी की मस्तों पर निगह [8]बानी है आज ।।

क़िस्सा—ए—माज़ी है गोया लन्तरानी की सदा।
हर तरफ़ पेशे नज़र इक नूरे यज़दानी हैं आज ।।

यूँ बक़दरे कसरते इस्यां है रहमत का नूज़ूल।
मैंने तौबा की थी तौबा पर [9]पशेमानी है आज ।।

आ रहे हैं सामने वाइज़ के [10]पोशिदा गुनाह।
परदा—ए—रहमत में मेरी चाक दामानी है आज ।।

किस क़दर मफ़लूज थे अब तक [11]हवादिस से हवास।
बादे मुद्दत हमने अपनी शक्ल पहचानी है आज ।।

साथ आज़ुरदा है आशिक़ मुज़तरो महताबो शाद।
कैफ़ो सादिक़ हैं शिफ़ा महवे ग़ज़ल ख़ानी है आज ।।

---

१. अधिकांश, २. चमकदार-ख़ूबसूरत, ३. दिखाई दे रहा है, ४. गुलाम, ५. शराब पीने की इजाज़त, ६. लड़खड़ाना, ७. स्वाद-मजा, ८. देखभाल पछतावा, १०. छुपे हुए, २१. परेशानी।

१६-१०-१९५७

ग़ज़ल

तमन्ना तर्क की बदला मज़ाक़े आशिक़ी हमने।
महोब्बत को बनाया है तरीक़े बन्दगी हमने ॥

हसीनाने जहां के हर हुनर को ग़ौर से परखा।
सितम पर भी उन्हें हुस्ने सितम की दाद दी हमने ॥

निखारा अपने अश्कों से जिला दी अपनी आहों से।
बढ़ा दी सोज़े दिल से हुस्न की [1]ताबिन्दगी हमने ॥

मुसलसल [2]हादसों के बाद जो ज़र्रे बचे दिल के।
उन्हीं ज़र्रों से फिर [3]तरतीब दी है ज़िन्दगी हमने ॥

ख़िरद की तेज़ किरणें जिस जगह दम तोड़ देती हैं।
वहीं देखी है कुछ [4]मेहरो वफ़ा की रौशनी हमने ॥

वफ़ा-ए-दोस्त पर [5]नाज़ाँ जफ़ा-ए-दोस्त पर [6]शादाँ।
ज़माने को सिखाया ये तरीक़े दोस्ती हमने ॥

मिला था दिल महोब्बत की जो दिल टूटा इबादत की।
तिरे [7]ईमा को समझा है उसूले ज़िन्दगी हमने ॥

ज़रा देखें ज़माना अब नई क्या चाल चलता है।
बलंदी पर बिछाई है बिसाते ज़िन्दगी हमने ॥

शिफ़ा होशो ख़िरद खोकर किसी का राज़ पाया है।
बड़ी मुश्किल से उलटा है नक़ाबे [8]आगही हमने ॥

---

१. चमक, २. लगातार दुःख, ३. कायदे से लगाना, ४. कृपा, ५. गर्व, ६. खुश होना, ७. इशारा, ८. पहचान।

२-१-१९५८

ग़ज़ल

हुए जज़बात [1]यकसू तो मक़ामे दिल भी देखेंगे ।
जो तूफ़ानों से फ़ुरसत मिल गई साहिल भी देखेंगे ।।

वो पाएंगे हमारी ख़ाक मे भी ज़ौक़े [2]पाबोसी ।
व [3]उन्वाने कशिश इसमें मज़ाक़े दिल भी देखेंगे ।।

कभी तो उनके जलवों को नज़र की जुस्तजू होगी ।
कभी ज़ौक़े [4]नमूद उनका सरे महफ़िल भी देखेंगे ।।

उन्हीं को मांग लूंगा मैं बजाय दो जहाँ उनसे ।
करम फ़रमाने वाले [5]जुरअते [6]साइल भी देखेंगे ।।

मिरा अफ़साना-ए-ग़म भी किसी दिन रँग लाएगा ।
वो अपनी बेनियाज़ी का कभी हासिल भी देखेंगे ।।

सवांरा है बड़ी मुश्किल से दौरे हाल को अपने ।
बज़ामे [7]सइये [8]पेहम शाने मुस्तक़बिल भी देखेंगे ।।

[9]हवादिस तो रहे उल्फ़त में आते हैं शिफ़ा लेकिन ।
रवाना हो गए तो एक दिन मन्ज़िल भी देखेंगे ।।

---

१. एकाग्र, २. पैर चूमने का शौक, ३. शीर्षक, ४. दिखाई देने का शौक, ५. हिम्मत-साहस, ६. मंगता, ७. कोशिश, ८. लगातार, ९. दुर्घटना ।

१४-१-१९५८

ग़ज़ल

इश्क़ दिल से कह रहा है ग़म का अफ़साना अभी।
मुझको रहने दो ग़मे दुनिया से बेगाना अभी॥

फ़िकरे फ़रदा से बरी है तेरा दीवाना अभी।
उसकी दुनिया है मैं-ओ-[1]मीना-ओ-मैख़ाना अभी॥

जान देनी है हुज़ुरे दोस्त दिल देने के बाद।
पेश करना है हमें इक और नज़राना अभी॥

तुम सुनो तो क़िस्सा-ए-ग़म उम्र भर कहता रहूं।
तुम गए तो ख़त्म हो जाएगा अफ़साना अभी॥

आ गया हूं मैं जूनूं से आगही की राह पर॥
और दुनिया कह रही है मुझको दीवाना अभी॥

इस मिरे अफ़साना-ए-ग़म के तुम्हीं उनवान हो।
तुम बदल जाओ बदल जाएगा अफ़साना अभी॥

कौन था ए हज़रते दिल आज मेहमाँ आपका।
हो रही थी गुफ़्तगू किससे [2]कलीमाना अभी॥

आशिक़ी में जल के मर जाना नहीं मेराजे इश्क़।
सोज़े पैहम को नहीं समझा है परवाना अभी॥

जाम मिलते हैं शिफ़ा मैख़ाना-ए-मख़मूर से।
है वही हम पर [3]अताए पीरे मैख़ाना अभी॥

---

१. शराब की सुराही, और शराब खाना, २. हजरते मूसा की तरह, ३. कृपा।

२३-३-१९५८

कहीं ऐ दिल ये दुनिया ज़ीस्त का हासिल न बन जाए।
के हे ये जादा-ए-मन्ज़िल, यही मन्ज़िल न बन जाए॥

तलब दिल में न हो कोई सिवा उनकी महौब्बत के।
मये उल्फ़त का साग़र [1]कासाये साइल न बन जाए॥

दमे आख़िर तो मुझको ख़ामुशी का राज़ कहना है।
ज़बा बन्दी की आदत बाइसे मुश्किल न बन जाए॥

तो मेरी बन्दगी क्या है अगर गिरदाव में घिरकर।
जहाँ तुझको पुकारूं में वहीं साहिल न बन जाए॥

अगर तुम मुस्करा कर इक महोब्बत की नज़र डालो।
नहीं मुमकिन की दिल फिर दीद के क़ाबिल न बन जाए॥

मिरे दिल की तिरे जलवों की [2]अज़मत कौन समझेगा।
अगर दिल का हर इक ज़र्रा तिरी महफ़िल न बन जाए॥

करम की वो नज़र मिलती है जिससे ज़िन्दगी अब तक।
[3]निगाहे वापसीं बनकर कहीं क़ातिल न बन जाए॥

मिरे अश्कों की क्या क़ीमत महोब्बत [4]ख़ाम है मेरी।
अगर हर अश्क ख़ाके पा से मिलकर दिल न बन जाए॥

शिफ़ा उठ जाएंगे इक दिन हरीमे नाज़ के परदे।
अगर ये जज़बा-ए-दिल जज़बा-[5]ए-बातिल न बन जाए॥

---

१. कमण्डल, २. बड़ाई, ३. पलट जाने वाली नज़र, ४. कच्ची, ५. दिल के भाव झूठे न बन जांय।

१९-५-१९५८

ग़ज़ल

दिन ने ये इन्तज़ार के बदले।
मौत आई हैं यार के बदले॥

होश की सारी [1]कायनात न लूं।
इक गरीबाँ के तार के बदले॥

रंज का काम क्या महोब्बत में।
कुछ न माँगे जो प्यार के बदले॥

आप बन्दा नवाज़ क्या देंगे।
इस दिले बेक़रार के बदले॥

इक निगाहे करम अभी हो जाए।
वादा-ए-[2]उस्तुवार के बदले॥

चाहिए अब तो दीदा-ए-[3]इबरत।
दीदा-ए-[4]अश्कबार के बदले॥

हुस्न वालों पे जान दे नासेह।
मौत के इन्तज़ार के बदले॥

आग दिल की बुझी नहीं है शिफ़ा।
अब धुआँ है [5]शरार के बदले॥

---

१. संसार, २. पक्का, ३. समझने वाली आँखें, ४. रोने वाली आँख, ५. शोले।

६-८-१९५८

ग़ज़ल

न तो मै कदे की है जुस्तजू न तलाशे बादा-ओ-जाम है।
मुझे चश्मे मस्त से हो [1]अता [2]मये नाब मुझको हराम है॥

रहे दिल में उसको [3]पयाम क्या बसे आँख में तो सलाम क्या।
वो मक़ाम [4]क़ुर्ब का आ गया, न पयाम है न सलाम है॥

नज़र आए दाना तो देख ले, कहीं साथ दाना-ओ-[5]दाम हों।
सुए दाम जिसकी नज़र न हो वही कम नज़र [6]तहे दाम है॥

जिसे होश में न भूला सका कभी दिल से वो तेरी याद थी।
कभी बेख़ुदी में जो आ सके मिरे लब पे वो तिरा नाम है॥

न ख़बर है आए कहाँ से हम, न ये इल्म है कहाँ जाएंगे।
जहाँ आके ठहरे हैं हम नशीं यहाँ चार दिन का क़याम है॥

तु ये दो जहान की नेमतें उसे बख़्श दे जो तलब करे।
मुझे बन्दगी का [7]शऊर दे तिरी बन्दगी मेरा काम है॥

तुझे दैरो काबा की क़ैद क्या, कि तू ज़र्रे-ज़र्रे में है निहाँ।
तुझे परदा दारी से क्या ग़रज़, मिरा ज़ौक़े [8]दीद ही ख़ाम है॥

मिरे हाल पर ये करम रहा मुझे मय तलब से [9]सिवा मिली।
मुझे वो मक़ाम भी हो अता जहां कैफ़े [10]बादा [11]मुदाम है॥

ये शराबे शेरो सुख़न है वो के हज़ारों पी के बहक गए।
जिन्हें पी के होश रहा शिफ़ा, उन्हीं मैकशों को सलाम है॥

---

१. कृपा करके दे दो, २. अंगूर वाली शराब, ३. सन्देश, ४. नजदीक, ५. जाल, ६. जाल के अन्दर, ७. कायदा, ७. देखने का शौक़, ९. ज्यादा, १०. शराब की मस्ती, ११. हमेशा।

२४-६-१९५८

ग़ज़ल

उसे आज़ाद देखा जिसको पाबन्दे रिज़ा देखा।
के हमने सर झूका लेने में राज़े [1]इरतिक़ा देखा॥

कमाले [2]आगही था जब तुम्हें जलवा नुमा देखा।
ये आलम था के हर ज़र्रे को सूरत आशना देखा॥

तुम्हारे सामने हम राज़े दिल कहते तो क्या कहते।
तुम्हें तो ज़ाहिरो [3]बातिन से अपने आशना देखा॥

तिरे बीमारे ग़म ने जान देने से ग़रज़ रक्खी।
न तासीरे दवा देखी न [4]एजाज़े दुआ देखा॥

सबब क्या था फ़िरिश्तों को दिया जो हुक्म सजदे का।
बताओ तुमने आख़िर ख़ाक के पुतले में क्या देखा॥

मिला आख़िर सुकूने क़ल्ब तेरे दर के सजदों से।
गो इससे [5]पेशतर हर दर पे मैंने सर झूका देखा॥

न ख़ुददारी न इसतिक़लाल, को छोड़ा दमे मुश्किल।
न ग़ैरों से मदद मांगी न सुए [6]अक़रबा देखा॥

तुम आओ सामने हम आज़मालें ताबे नज़्ज़ारा।
तुम्हें अपने [7]तस्सवुर में तो हमने बारहा देखा॥

शिफ़ा ग़ैरों से क्या मतलब कि हमने दोस्त में अपने।
महोब्बत बे ग़रज पाई करम [8]ला इनतिहा देखा॥

---

१. उँचाई, २. ज्ञान, ३. छुपा हुआ, ४. चमत्कार, ५. पहले, ६. अपने, ७. बेहद।

२६-६-१९५८

ग़ज़ल

[1]तरके मै हम कर चुके फिर [2]अबरे तर आया तो क्या।
शाम का [3]मुज़दा अगर वक़्ते [4]सहर आया तो क्या॥

दोस्त की महफ़िल में आया हूं अदब से सर निगूं।
सामने दुनिया के मैं सीना [5]सिपर आया तो क्या॥

देखने वाले ने जब दुनिया से आँखें फेर लीं।
बहरे मातम फिर कोई बा [6]चश्मे तर आया तो क्या॥

रौशनी है दिल की दुनिया में तुम्हारे नूर से।
ले के कोई मश-अले [7]शम्सो क़मर आया तो क्या॥

होश या जोशे जुनूं में आ गया दर पर तिरे।
बाख़बर आया तो क्या, मैं बेख़बर आया तो क्या॥

ज़िन्दगी की नयमतों से हो चुका दिल बेनियाज़।
अब लुटाने को कोई लालो [8]गुहर आया तो क्या॥

जो तमन्नाओं के दिन थे नज़रे मायूसी हुए।
अब मिरे नख़्ले [9]तमन्ना में [10]समर आया तो क्या॥

जब बलन्दी और [11]पस्ती से हुआ दिल बेनियाज़।
फिर मुक़द्दर का सितारा औज पर आया तो क्या॥

तय हुई हैं ऐ शिफ़ा तन्हा वफ़ा की मन्ज़िलें।
साथ दो इक [12]गाम कोई हम सफ़र आया तो क्या॥

---

१. शराब छोड़ना, २. बरसने वाले बादल, ३. खुशी का सन्देशा ४. सवेरे ५. छाती फुलाकर, ६. रोता हुआ, ७. सूरज-चांद, ८. मोती जवाहरात ९. कामनाओं का पेड़, १०. फल, ११: निचाई १२. कदम।

१६-२-१९५८

ग़ज़ल

काबा तिरी आँखों में सनम देख रहे हैं।
अबरू नहीं मेहराबे [1]हरम देख रहे हैं॥

वो दरसे वफ़ा दे रहे हैं एहले वफ़ा को।
हम उनकी वफ़ाओं का भरम देख रहे हैं॥

फिर इश्क़ में इक हादसा दर पेश है शायद।
ए चश्मे तमन्ना तुझे नम देख रहे हैं॥

हो ख़ैर के इस टूटे हुए दिल की तरफ़ ही।
बढ़ता हुआ सैलाबे [2]अलम देख रहे हैं॥

ये हाल हमारा है करम भी नहीं मुमकिन।
मजबूर हैं अरबाबे [3]करम देख रहे हैं॥

अब तुम ही संभालो कि रहे सबरो [4]रिज़ा में।
बहके हुए हम अपने क़दम देख रहे हैं॥

ये दौर भी बदलेगा शिफ़ा क्यों है परिशां।
देखेंगे करम भी जो सितम देख रहे हैं॥

---

१. काबे के दरवाजे की गोलाई, २. दुखों का बहाव, ३. कृपा करने वाला, ४. मालिक की मौज।

२०-९-१९५८

ग़ज़ल

निगाहे शौक़ है इज़्हारे [1]आरज़ू के लिए।
जबां की क़ैद नहीं उनसे गुफ़्तगू के लिए॥

हुए हैं जिनके तग़ाफ़ुल से चाक [2]क़ल्बो जिगर।
उन्हीं का तारे नज़र चाहिए रफ़ू के लिए॥

मैं लिख सकूंगा अब अन्जाम तक फ़साना-ए-इश्क़।
जिगर का ख़ून है [3]तकमीले आरज़ू के लिए॥

बवक़्ते गिरया न आया नज़र जो दामने दोस्त।
पिये हैं अश्क महोब्बत की आबरू के लिए॥

तुम्हारे बाद तमन्ना किसी की क्या करते।
कहाँ नसीब नया दिल हर आरज़ू के लिए॥

तिरे करम से ज़माने की ख़ाक छानी है।
कहाँ-कहाँ न गए तेरी जुस्तजू के लिए॥

नज़र मिलाते ही साक़ी से हो गए [4]मख़मूर।
भटक रहे थे शिफ़ा साग़रो [5]सुबू के लिए॥

---

१. इच्छा प्रकट, २. दिल, ३. चाह पूरी करना, ४. नशे में, ५. प्याला और सुराही।

४-१०-१९५८

ग़ज़ल

मैकदे में रहे लुत्फ़े पीरे [1]मुग़ाँ।
फिर कोई दूसरा हो न हो मेहरबाँ॥

ख़ामुशी ने बढ़ा दीं ग़लत फ़हमियाँ।
क्या कहूं बे ज़बानी हुई है ज़बाँ॥

हमको मक़सूद था ज़ब्त का इम्तहाँ।
जा रहे हैं तिरी बज़्म से [2]कामराँ॥

ए शिफ़ा हैं ये अशआर मेरी जबाँ।
अब ये कहते रहेंगे मिरी दास्ताँ॥

रूबरू ही नहीं आँख में आ बसो।
अब ये तारे नज़र भी न हो दरमियाँ॥

[3]पुरसिशे ग़म की भी अब तो हसरत न थी।
तुमने पूछा तो कहनी पड़ी दास्ताँ॥

इससे बेहतर तो इनसाँ इबादत करे।
इश्क़ की मुशकिलें—अल-[4]अमाँ-अल-अमाँ॥

ठीक है तुमने तरके ताअल्लुक़ किया।
दिल की दुनिया पे फिर कौन है हुकमराँ॥

ज़िन्दगी में शिफ़ा वो मक़ाम आ गया।
कोई हसरत न है फ़िक्रे सूदो [5]ज़ियाँ॥

---

१. शराब खाने का अफसर, २. कामयाब-सफल, ३. पूछना, ४. भगवान बचाए, ५. लाभ-हानि।

१-११-१९५८

ग़ज़ल

[1]नफ़्से गुमराह कुन ज़ेरे[2] दाम आ गया ।।
अब तो नज़दीक दिल का [3]मक़ाम आ गया ।।

मुझको आदाब उल्फ़त के सब याद थे ।
दिल लगाना हसीनों से काम आ गया ।।

मेरे होठों ने मेरी ज़बाँ चूम ली ।
जब जबाँ पर कभी उनका नाम आ गया ।।

हम तो साक़ी की सूरत ही देखा किए ।
पी लिया हाँ अगर कोई जाम आ गया ।।

कुछ न आया नज़र मासिवा आपके ।
तो मैं समझा नज़र का मक़ाम आ गया ।।

सुन के सामाँ किए उसने [4]तकमील के ।
काम यूं [5]किस्सा-ए-नातमाम आ गया ।।

[6]गरदिशों में थे अब तक ज़मीन-आसमाँ ।
अब ये फ़रमान [7]ज़र्रों के नाम आ गया ।।

मुझको [8]ख़ूगर बनाना था [9]आलाम का ।
अब समझ में ये सब [10]ऐहतमाम आ गया ।।

ख़त्म होंगे न दुनिया के धन्धे शिफ़ा ।
फ़िकरे [11]उक़्बा करो वक़्ते शाम आ गया ।।

---

१. गलत रास्ते पर चलाने वाला मन, २. जाल में, ३. मन्जिल, ४. पूरा करना, ५. अधूरी कहानी, ६. चक्कर, ७. कण-कण, ८. सहनशील ९. गमों, १०. इन्तजाम, ११. परलोक ।

१-१-१९५९

ग़ज़ल

जो पाबन्दे आदाबे महफ़िल नहीं है ॥
वो महफ़िल में आने के क़ाबिल नहीं है ॥

अगर दिल न झूक जाए हमराह सरके ।
तो सजदा तिरे दर के क़ाबिल नहीं है ॥

ग़नीमत हैं दैरो हरम तेरी रह में ।
मगर कोई क़ैदे [1]वसाइल नहीं है ॥

जगह दीजिए मुझको क़दमों में अपने ।
ये दुनिया मिरे ग़म का हासिल नहीं है ॥

नहीं ख़ौफ़े तूफ़ाँ अगर साथ तुम हो ।
कहीं ले चलो क़ैदे साहिल नहीं है ॥

अगर हर दुआ पर न तक़दीर बदले ।
तो दिल भी दुआओं का क़ाइल नहीं है ॥

करम चाहती हैं तल्बगार नज़रें ।
तग़ाफ़ुल मुदावा-ए-[2]बिसमिल नहीं है ॥

सुकूं मेरी फ़ितरत है ऐ दोस्त वरना ।
जहाँ मैं हूं ये मेरी मन्ज़िल नहीं है ॥

मिरी ख़ाक से यूं न दामन बचाओ ।
ये ख़ाके शिफ़ा ज़हरे कातिल नहीं है ॥

---

१. सहारा, २. जख्मी का इलाज ।

३-२-१९५९

ग़ज़ल

जो चन्द लम्हे हैं ज़िन्दगी के, जो चन्द बाक़ी [1]नफ़स रहे हैं।
निसार अब हम करेंगे उन पर, जो दिल की दुनिया में बस रहे हैं॥

न दूरिए गुलसिताँ का शिकवा, न लब पे सय्याद की शिकायत।
ज़माना-ए-क़ैदो बन्द में हम, फ़िदा-ए-दामो [2]क़फ़स रहे हैं॥

चमन में जो [3]मुस्तहिक़ थे उनसे, बक़दरे [4]हक़ इलतिफ़ात [5]रक्खा।
जो हमने फूलों से दिल लगाया, निगाह में ख़ारो [6]ख़स रहे हैं॥

ये क्या हँसी है हँसे जो दम भर तो ख़ून रोना पड़ा है बरसों।
चमन में फूलों को जो [7]अता की हम उस हँसी को तरस रहे हैं॥

किसी को कल की ख़बर नहीं है न गरदिशों से [8]मफ़र किसीको।
ख़ुदा ही उनको अमाँमें रक्खे जो आज हम पर बरस रहे हैं॥

न पूछिए हाल अब हमारा के है [9]बज़ाहिर सकून लेकिन।
[10]दरूने सीना [11]अलम के शोले दिलो जिगर को झूलस रहे हैं॥

वो नाज़िमे मैकदा बने हैं जिन्हें नहीं होश दूसरों का।
कमी की [12]तलक़ीम कर रहे हैं जो ख़ुद ही [13]सैदे हवस रहे हैं॥

बदल रहा है ज़माना बदले किसी की परवा नहीं है मुझको।
वो मेरी जानिब से मुहँ न मोड़ें जो आज तक [14]दादरस रहे हैं॥

शिफ़ा न गैरों से कुछ अदावत न हमको अपनो से कुछ गिला है।
ये सच है पाला था जिनको हमने वो साँप बन-बन के डस रहे हैं॥

---

१. साँस, २. पिंजरा, ३. खरीददारी, ४. जितना उनका हक था, ५. प्यार, ६. घास, ७. दान, ८. बचाव ९. देखने में, १०. छाती के अन्दर, ११. दुःख-दर्द, १२. सलाह, १३. लालच का शिकार १४. इन्साफ करने वाले।

१७-२-१९५९

ग़ज़ल

मिरी दुनिया में आए थे, मेरा आरामे जाँ होकर।
रहे अशआर में मेरे हयाते [1]जाविदाँ होकर॥

तुम्हें जब दूर ले जाएगी मुझसे गरदिशे दौराँ।
रहोगे तुम वहाँ भी मेरी उल्फ़त का निशाँ होकर॥

ज़माना भूल जाएगा कभी जो दास्ताँ मेरी।
तो ये [2]रुदाद तुम दोहराओगे मेरी जबाँ होकर॥

तुम्हारी याद से मुमकिन नहीं होगा [3]मफ़र दिल को।
मिरी दुनिया पे तुम छाए रहोगे आसमाँ होकर॥

मुझे [4]महफ़ूज रखेगा तसव्वुर जुलफ़े पेचाँ का।
हवादिस लाख आएंगे बलाए बे अमाँ होकर॥

हकूमत क्या करेगा अब दिले खुददार पर कोई।
तुम्हीं दुनिया-ए-उल्फ़त में रहोगे हुकमराँ होकर॥

यही अहदे वफ़ा भी है यही ईमान है अपना।
शिफ़ा जो कह दिया हमने महोब्बत की जुबाँ होकर॥

---

१. हमेशा रहने वाली जिन्दगी, २. कहानी, ३. बचाव, ४. बचाकर।

२५-२-५९

ग़ज़ल

तुम्हारा होके मुझको अपनी हस्ती का गुमाँ क्यों हो।
दुई को दूर कर दो अब ये परदा दरमियाँ क्यों हो॥

ज़रूरत अब नहीं महदूद अपनी ज़ात तक मेरी।
चमन की ख़ैर माँगूं मुझको फ़िकरे आशियाँ क्यों हो॥

तुम्हें शायद ताअल्लुक़ तर्क करना भी नहीं आता।
ग़रज़ मुझसे नहीं तो दिल पे मेरे हुकमराँ क्यों हो॥

तुम्ही महबूब हो तुम ही [1]मुहिब मेरे फ़साने में।
कि तुम उन्वाँ हो जिसके उसमें ज़िकरे [2]दीगराँ क्यों हों॥

तिरे क़दमों पे सदक़े ज़िन्दगी करदी तो फिर मुझको।
फ़ना का ख़ौफ़ या शौक़े हयाते जाबिदाँ क्यों हो॥

मुझे तो नाज़ है तू वाक़िफ़े [3]असरारे पिन्हाँ है।
मिरी हाजत का फिर दस्ते दुआ ही तरजुमाँ क्यों हो॥

दरे मैख़ाना वा है जितना जिसका [4]ज़र्फ़ हो पी ले।
कमी बेशी की [5]ज़ामिन रहमते पीरे मुग़ाँ क्यों हो॥

तुम्हारी नज़र के काबिल न ये दिल है न ये सर है।
कि जो [6]फ़ानी हो वो मेरी महोब्बत का निशाँ क्यों हो॥

शिफ़ा हमको ख़याले दोस्त से फ़ुरसत नहीं मिलती।
हमारी बज़्म में ज़िकरे फ़ुलाँ इबने फ़ुलाँ क्यों हो॥

---

१. प्रेमी, २. और का जिक्र, ३. अन्तरयामी, ४. क्षमता, ५. जिम्मेदार ६. नाशवान।

१८-३-१९५९

ग़ज़ल

[2]बहशत मिरी सूरत से [1]नुमायाँ तो नहीं है।
[3]ग़म्माज़ कहीं चाके गरीबाँ तो नहीं है॥

अच्छा है [4]अयादत को वो आ जाएं तो वरना।
अब दर्द मिरा क़ाबिले दरमाँ तो नहीं है॥

क्यों बादे जफ़ा उनको हुई फ़िकरे [5]तलाफ़ी।
फ़रियाद रसी शैबा[6]-ए-[7]ख़ूबाँ तो नहीं है॥

मालूम तो हो जाए उन्हें हाल हमारा।
वो आएंगे इस बात का इमकां तो नहीं है॥

हर चीज़ रही है यहां वा बस्ता किसी से।
ख़ुश हूं कि मेरा घर है बिया बां तो नहीं है॥

यूं माँगने से भीक भी देता नहीं कोई।
ए क़ल्बे तलबगार तू नादां तो नहीं है॥

मरना भी गवारा न था वो पास थे जब तक।
अच्छा हुआ अब [8]ज़ीस्त का अरमां तो नहीं है॥

वो आए हैं आंखों में लिए अश्के नदामत।
[9]यारब ये मेरी मौत का सामां तो नहीं है॥

क्यों रास नहीं है शिफ़ा बरबादिये दिल भी।
वो अपनी जफ़ाओं पे पशेमां तो नहीं है॥

---

१. जाहिर, २. पागलपन, ३. चुग़लखोर, ४. बीमार-कुर्सी, ५. नुक़सान पूरा करना, ६. तरीक़ा, ७. सुन्दर लोग, ८. जिन्दगी, ९. हे पुत्र।

२९-३-१९५९

ग़ज़ल

[1]हिज्र की रात सिर पे आई है।
दिल के मालिक तिरी दुहाई है॥

जान तुम पर निसार तो कर दें।
ये भी अपनी नहीं पराई है॥

अब भी उसकी कसक नहीं जाती।
हमने दिल पे जो चोट खाई है॥

जिससे दारो [2]रसन को पहूंचे थे।
फिर ज़बां पर वो बात आई है॥

मौत भी, वो भी, है मेरे [3]ख़्वाहां।
ज़िन्दगी आज काम आई है॥

ग़म के उन्वान तो बदलते हैं।
इनसे मुश्किल मगर रिहाई है॥

क्या कहें बेकसी का अफ़साना।
इनमें बेकार जग हँसाई है॥

हां महोब्बत हमें तो रास नहीं।
तुम कहो किसको रास आई है॥

ऐ शिफ़ा बेवफ़ा कहें किसको।
आम दस्तूरे बेवफ़ाई है॥

---

१. विरह, २. फाँसी-सूली, ३. चाहने वाले।

१०-५-१९५९

ग़ज़ल

निगाहे शौक़ है जलवों का सामां है जहाँ तुम हो ॥
महोब्बत ज़रे ज़रे से नुमायां है जहां तुम हो ॥

वही अब तक सदा-ए-[1]लन्तरानी हैं जहां मैं हूं।
[2]चिराग़े तूर हर ज़रे में[3] रक़्सां है जहां तुम हो ॥

ये आलम है के बेगाना किसी को कह नहीं सकता।
हर इक शै मुझ पे अब [4]माइल-बे-ऐहसाँ है जहां तुम हो ॥

चले आते हैं आँसू शिददते एहसास से पेहम।
मिरी चश्मे तलब [5]गौहर बदामाँ है जहां तुम हो ॥

न बेदारी का आलम है न मुझ पर नोंद तारी है।
[6]तजल्ली सी इक आँखों में[7] दरखशां है जहां तुम हो ॥

तुम्हारे सासने[8] नक़्शे दुई बाक़ी नहीं रहता।
हर इनसाँ अपनी हस्ती से[9] गुरेज़ां है जहां तुम हो ॥

तुम्हारी इक नज़र ने मेरी दुनिया ही बदल डाली।
न हसरत है कोई दिल में न अरमाँ है जहां तुम हो ॥

तुम्हारे सामने होती है काँटों में कशिश पैदा।
ख़िज़ाँ में भी वही लुत्फ़े बहाराँ है जहां तुम हो ॥

शिफ़ा तो अब न [9]तशनालब न [10]तशनाकाम है साक़ी।
कहाँ की तशनगी लुत्फ़े फ़िरावाँ है जहां तुम हो ॥

---

१. तू हमें नहीं देख सकेगा, २. नाचना, ३. तूर पहाड़ की बिजली, ४. एहसान करने पर तुली हुई, ५. मोतियों से भरा हुआ आँचल, ६. चमक, ७. चमकती हुई, ८. इन्कारी, ९. प्यासा, १०. नामुराद।

१०-६-१९५९

ग़ज़ल

'सय्ये पेहम है दिले नाकाम है ।
ज़िन्दगी इस कशमकश का नाम है ।।

जिस पे लुत्फ़े साक़ी-ए-गुलफ़ाम है ।
दूर उससे गरदिशे अय्याम है ।।

तुझको है बन्दानवाज़ी से ग़रज़ ।
मुझको तेरी बन्दगी से काम है ।।

मै परस्ती का सलीक़ा आ गया ।
ये भी साक़ी का निरे इनआम है ।।

हिर्स का परदा उठा दो आँख से ।
जिस जगह दाना है अक्सर दाम है ।।

तुम थे मेरे अब मिरा कोई नहीं ।
इश्क़ वो ये इश्क़ का अन्जाम है ।।

हो चुके इश्क़ो जवानी के मज़े ।
अब नज़र में ज़िन्दगी की शाम है ।।

क्यों अता की मुझको [2]तौफ़ीक़े गुनाह ।
मुझ पे अब किस बात का इल्ज़ाम है ।।

ए शिफ़ा परदे पड़े हैं आंख पर ।
ये न हो तो उनका जलवा आम है ।।

---

१. लगातार कोशिश, २. पाप करने की शक्ति ।

२५-६-१९५९

ग़ज़ल

राज़े हक़ीक़त खोल रही है लुत्फ़े निगाहे नाज़ तो देख।
दैरो हरम के मतवाले तू साक़ी का [1]एजाज़ तो देख॥

मै की तमन्ना हो फिर किसको हाथ से साग़र गिर जाए।
जिसपे पड़ें मख़मूर बना दें नज़रों का अन्दाज़ तो देख॥

छाते हैं कमज़ोर पे सब है दुनिया का दस्तूर यही।
दामो क़फ़स को रोने वाले अपने परे परवाज़ तो देख॥

राहे वफ़ा दुशवार है बेशक नाकामी दस्तूर सही।
हुस्न हुआ है ख़ुद माइल उल्फ़त का हसीं [3]आग़ाज़ तो देख॥

दिल की धड़कन ताल बनी है तार बने हैं साँसों के।
रूह के नग़मे गाने को है कितना हसीं ये साज़ तो देख॥

दूरी का तो वहम है तुझको दिल से कोई दूर नहीं।
साथ खड़े हैं सुनने वाले दे के ज़रा आवाज़ तो देख॥

अब तो शिफ़ की हस्ती क्या है [2]अक्स है तेरी अज़मत का।
तुझसे तेरा हाल कहा है कहने का अन्दाज़ तो देख॥

---

१. चमत्कार, २. शुद्ध, ३. प्रतिबिम्ब।

९-१०-१९५९

ग़ज़ल

मेरे दिले पुर शौक़ का अरमाँ है तू अरमाँ है तू ।
मैं ढूँढ़ता हूं जिसको वो जानाँ है तू जानाँ है तू ॥

मैं दर्द हूं अब-सर-ब-सर क्यों हँस दिया ज़ख़्मे जिगर ।
शायद मिरा ग़म देखकर [1]ख़नदाँ है तू ख़नदाँ है तू ॥

होती है जितनी मैकशी बढ़ती है उतनी [2]तशनगी ।
अब तो सुकूने क़लब का सामाँ है तू सामाँ है तू ॥

परदे नज़र के हट गए जलवे हैं गू ना गूं तिरे ।
हर दम नज़र के सामने [3]रक़साँ है तू रक़साँ है तू ॥

देखे हज़ारों बुतकदे छाने हैं लाखों मैकदे ।
हैं सब वहाँ बन्दे तिरे [4]यज़दाँ है तू यज़दाँ है तू ॥
डर था गुनाहों का मुझे रहमत का पहलू देखिये ।
बोले के तू भी क्या करे इन्साँ है तू इन्साँ है तू ॥

मैंने कहा कुछ ऐश के सामाँ नहीं मुझ को मिले ।
बोले हैं सब तेरे लिए नादाँ है तू नादाँ है तू ॥
देखा जो डर से काँपते बोले के हम सदक़े तिरे ।
होकर हमारा किसलिए [5]लरज़ाँ है तू लरज़ाँ है तू ॥

तू दर्द देकर चल दिया फिरता हूं तुझको ढूंढ़ता ।
बहरे शिफ़ा इस दर्द का [6]दरमाँ है तू दरमाँ है तू ॥

---

१. हँस रहा है, २. प्यास, ३. नाच रहा है, ४. भगवान, ५. काँपना, ६. इलाज ।

३-४-१९६०

ग़ज़ल

इलाजे दर्दे दिल ऐ जाने जानाँ यूँ भी होता है।
मिटा देते हैं दिल को दिल का दरमाँ यूं भी होता है॥

दिले तारीक चश्मे कोर शौक़े ख़ामे नज़्ज़ारा।
कहीं ए बेख़बर दीदारे जानाँ यूँ भी होता है॥

फ़क़त दैरो हरम छाने न ढूंढा ख़ाना-ए-दिल में।
कहीं उस दोस्त के मिलने का इमकाँ यूं भी होता है॥

वो कहते हैं बला से हम न आए याद तो आए।
मैं अब समझा के पूरा उनका पैमाँ यूँ भी होता है॥

कसक महसूस होती है नज़र कुछ भी नहीं आता।
कभी [1]पैवस्त दिल में तीरे [2]मिज़गाँ यूं भी होता है॥

उन्हें जितना भुलाते हैं वो उतना याद आते हैं।
हमारे दिल की बरबादी का सामाँ यूं भी होता है॥

जलाते हैं तुझे पेहम के तू [3]इकसीर बन जाए॥
शिफ़ा महबूब का लुत्फ़े फ़िरावाँ यूँ भी होता है।

---

१. फँसा हुआ, २. पलकों का तीर, ३. कीमिया।

९-७-१९६०

ग़ज़ल

न चमन में ज़िकरे ख़िज़ाँ कहीं न कोई बहार की बात है।
वो ही ज़ौक़े दीद का [1]तज़किरा वो ही हुस्ने यार की बात है॥

यही अर्ज़ है के जो हो सका तो न लब पे आएगा [2]मुद्दआ।
मैं कहूं [3]वसूक़ से और क्या दिले बेक़रार की बात है॥

यहीं [4]ख़ार हैं यहीं फूल भी रही अपने अपने नसीब की।
मुझे इसमें ताबे सुख़न नहीं तिरी रहगुज़ार की बात है॥

मैं कहूंगा शौक़ से दास्ताँ ये बताओ सून भी सकोगे क्या।
जिसे उम्र भर न सुकुं मिला उसी बेक़रार की बात है॥

ये हदीसे बादा है मैकशो ज़रा गोशे [5]जाँ से इसे सुनो।
अभी दौरे जाम को रोक दो किसी [6]बादाख़ार की बात है॥

न तो बात की कोई दीद की न सुनाया [7]युज़दा-ए-[8]वस्ल ही।
है जबाँ पे ज़िकरे [9]रसन अभी अभी लब पे दार की बात है॥

तिरा इश्क़ है मेरी बन्दगी तिरी दीद है मिरी ज़िन्दगी।
मुझे [10]क़ुर्ब—तेरा नसीब हो तेरे इख़्तयार की बात है॥

ये मता-ए-इश्क़ ये ज़िन्दगी जिसे तुम कहो उसे सौंप दूं।
मुझे एतबार तुम्हीं पे है अगर एतबार की बात है॥

दुई खत्म है वहाँ ऐ-शिफ़ा वो ही एक है नहीं दूसरा।
कोई एहले दिल ही समझ सके ये दयारे यार की बात है॥

---

१. जिक्र, २. मुराद माँगना, ३. भरोसा, ४. काँटे, ५. आत्मा के कानों से, ६. शराबी, ७. ख़ुशखबरी, ८. मिलाप, ९. फाँसी, १०. करीब होना, ११. प्रीतम की नगरी।

२५-२-१९६१

ग़ज़ल

वो जलवा तूर का इक बार जाकर हम भी देखेंगे।
नज़र की बात है नज़रें मिला कर हम भी देखेंगे॥

जहाँ वो हों वहाँ आबाद हो जाते हैं वीराने।
उन्हें उजड़े हुए दिल में बसाकर हम भी देखेंगे॥

मुसीबत में सुना हैं ज़ब्ते ग़म क़ायम नहीं रहता।
किसी के हिज्र में ग़म को छुपा कर हम भी देखेंगे॥

उन्हें कुछ पास होता है अगर जज़बाते उल्फ़त का।
तो उनकी राह में आँखें बिछाकर हम भी देखेंगे॥

मनोमा ख़त्म होने पर रहेगा तू ही तू बाक़ी।
यही सच है तो हस्ती को मिटाकर हम भी देखेंगे॥

अगर तरके तआल्लुक़ से सकुने क़ल्ब मिलता है।
तो उनकी राह में दुनिया लुटाकर हम भी देखेंगे॥

सुना है वो नक़ाबे रूख़ उलट देते हैं [1]ख़िलवत में।
उन्हें ख़िलवत [2]कदे में दिल के लाकर हम भी देखेंगे॥

जहाँ झूककर किसीके सामने झूकना नहीं पड़ता।
जबीने शौक़ उस दर पर झूका कर हम भी देखेंगे॥

महोब्बत के तराने उनको दुनिया ने सुनाए हैं।
शिफ़ा [3]अशआर कुछ अपने सुनाकर हम भी देखेंगे॥

---

१. अकेला, २. अकेला घर, ३. बहुत से शेर।

१-१०-१९८१

ग़ज़ल

न मुझको दीन की चाहत न दुनिया की तलब साक़ी ।
अगर अपनी महोब्बत दे तो दे दे सब की सब साक़ी ।।
तिरे दर से कोई जाता नहीं है तशनालब साक़ी ।
के तेरा मैकदा है मैकदों में मुनतख़ब साक़ी ।।
तेरे दरबार में मिलती है हर शै बेतलब साक़ी ।
के हिलने भी नहीं पाते यहाँ साइल के लब साक़ी ।।
युं हीं होती रहे [2]बादाकशों पर [3]नूर की बख़्शिश ।
युं ही रौशन रहे [4]ताहश्र मैख़ाने की शब साक़ी ।।
पिला दे जाम अब सबको महोब्बत और [5]वेहदत के ।
के अब इन्सान की इन्सानियत है जाँ [6]बलब साक़ी ।।
[7]बुने इन्सानियत को खोदते जाते हैं फ़ेरज़ाने ।
अगर कुछ है तो दीवानों में है पासे [8]अदब साक़ी ।।
सबक़ दे [9]बन्दगाने हिर्सको सबरो [10]क़नाअत का ।
के दुनिया जिस क़दर मिलती है बढ़ती है तलब साक़ी ।।
ख़ुशी मिलती है जब एहले [11]फ़ना से ग़म भी मिलता है ।
[12]मसर्रत [13]दाइमी होती है जब मिलता है रब साक़ी ।।
शिफ़ा का सजदा-ए-दिल [14]बारगाहे नाज़ में पहुँचे ।
[15]गदा-ए-[16]मैकदा आया है दर पर बाअदब साक़ी ।।

---

१. छटा हुआ, २. शराबी, ३. प्रकाश ३. क़यामत के दिन तक, ४. अद्वैत, ५. अन्तिम समय, ६. जड़, ७. अक्ल वाले, ८. मान रखना, ९. लालची लोग, १०. खबर, नाशवान लोग, १२. खुशी, १३. हमेशा, १४. आपकी सरकार, १५. फ़कीर, १६. शराबखाना ।

२७-१२-१९६१

ग़ज़ल

मुझे भला क्यों न पास रहता क़दम क़दम पर तिरी ख़ुशी का ।
कि मैंने रोज़े अज़ल ही तुझसे किया था इक़रार बन्दगी का ।।

न अब मुसीबत की फ़िक्र हमको न कोई अरमान है ख़ुशी का ।
किसी का दामन पकड़ के हमने बदल लिया [1]तौर ज़िन्दगी का ।।

फ़क़त तुम्हीं पे अब भरोसा किसी का कुछ आसरा नहीं है ।
अगर सहारा दिया न तुमने जनाज़ा निकलेगा बेकसी का ।।

निबाह कर हम तो फ़र्ज़ अपना ख़मोश राहे वफ़ा से गुज़रे ।
किसी से शिकवा किया न चर्चा यही तक़ाज़ा था दोस्ती का ।।

[2]सफ़ीना-ए-ग़म को खेने वालो हवा-ए-रहमत तो चल रही है ।
मगर चलेगी तभी तो कश्ती खुलेगा जब बादबाँ किसी का ।।

वफ़ा-ओ-[3]ईसार के हज़ारों चिराग़ जल-जल के बुझ गए हैं ।
अब अपने दिल का लहू जलाओ अगर इरादा हो रोशनी का ।।

किसी के [4]ईमा पे हमने दुनिया में आके दुनिया से दिल लगाया ।
वहीं से बदला निज़ामे हस्ती जहाँ इशारा हुआ किसी का ।।

कभी तो [5]शम्सो [6]क़मर से उलझे कभी उड़े [7]हफ़्त आसमाँ पर ।
बलन्दियों से गिरे तो हमने मक़ाम समझा है [8]आजिज़ी का ।।

वहाँ तो किस बात की कमी है के है शिफ़ा बेक़रार रहमत ।
मिलेगा जो कुछ तलब करोगे सलीक़ा सीखो [9]गदागरी का ।।

---

१. तरीक़ा. २. नाव, ३. कुर्बानी, ४. इशारा, ५. इन्तजाम, ६. सूरज-चाँद, ७. सात आकाश, ८. नम्रता, ९. फकीरी ।

२१-२-१९६५

ग़ज़ल

दौलते इश्क़ हम ये कमा कर चले।
एक दिल था वो सरफ़े [1]वफ़ा कर चले ॥

ख़ैर[2]मक़दम को तेरे तिरी राह में।
आरज़ुओं की महफ़िल सजा कर चले ॥

जिस तरफ़ तेरे मिलने की ऊमीद थी।
हम सरे राह आँखें बिछा कर चले ॥

जब बढ़ीं शामे फ़ुरक़त की [3]तारीकियाँ।
हम चिराग़ आँसुओं के जला कर चले ॥

आके दुनिया में रक्खी तुझी से ग़रज़।
एहले दुनिया से दामन बचा कर चले ॥

लब पे आया न हरफ़े शिकायत कभी।
साख एहले वफ़ा की बना कर चले ॥

शौक़ से सर झुकाया तिरे सामने।
वरना हम हर जगह सर उठा कर चले ॥

हुस्न वाले तिरे हुस्न की ख़ैर हो।
इश्क़ में हम तो हस्ती फ़ना कर चले ॥

राहे उल्फ़त पे कोई न हो [4]गामज़न।
और हो तो शिफ़ा मुस्कुरा कर चले ॥

---

१. निभाने में खत्म, २. स्वागतम, ३. अन्धेरे ४. पैर रखना।

१०-१२-१९६६

ग़ज़ल

आशिक़ी मौत भी [1]हयात भी है।
इक जवानी की वारदात भी है॥

फूल को रंगो बू से पहचानो।
ज़ात [2]वाबस्ता-ए-सिफ़ात भी है॥

इश्क़ है तो है हर मुसीबत साथ।
इश्क़ ही दिल की कायनात भी है॥

दोस्त की हाँ में हाँ मिलाता हूँ।
अरज़ करने को अपनी बात भी है॥

क्या कहें उनसे हाले दिल अपना।
बात मानें तो कोई बात भी है॥

बार दिल पर नहीं ग़मे जानाँ।
साथ लेकिन ग़मे हयात भी है॥

ज़िन्दगानी है राहे [3]दोज़ख भी।
और ये जादा—ए—[4]निजात भी है॥

सर झुकाने में [5]आर हो किसको।
हुकमे दिलबर मे [6]इल्तिफ़ात भी है॥

खूब देखी है ऐ शिफ़ा दुनिया।
[7]बेमुरव्वत भी [8]बेसबात भी है॥

---

१. ज़िन्दगी, २. जुड़ी हुई, ३. नरक, ४. मुक्ति का रास्ता ५. शर्म-झिझक, ६. मेहरबानी, ७. बेशर्म, ८. नाशवान।

२१-४-१९६७

ग़ज़ल

जहाँ सुबह रूए सनम से हो जहाँ शाम गेसुए यार से।
वहाँ [1]मेहरो माह का सिलसिला रहे खाक़ [2]लैलो नहार से॥

कभी उसकी मुझ पे नज़र पड़ी तो ये ज़िन्दगी ही संवर गई।
मुझे यार से वही रब्त है जो है गुलसितां को बहार से॥

मिरे पाँव भी है थके थके मिरी आँख भी है थकी थकी।
मुझे उस जगह की तलाश है जो क़रीब हो [3]दरे यार से॥

मिरे दिल का दाग़ मिटाए जो, मुझे सोज़े ग़म से बचाए जो।
तो वो मौत हो के विसाल हो है ग़रज़ तो दिल के क़रार से॥

कभी चाँद देख के खो गया कभी फूल देख के मैं हंसा।
कभी शमा देख के रो दिया, इन्हें [4]रब्त हैं रूखे यार से॥

मुझे ख़ास तुझसे है वास्ता मिरा एक तुझसे है सिलसिला।
तिरी कायनात निखर गई, मिरी ज़िन्दगी के निखार से॥

मैं सनम परस्त बला का था, तो मुझे सनम मे ख़ुदा मिला।
वो ही ज़ौक़ ज़ौक़े फ़ना हुआ, जो चला था बोसो कनार से॥

हे अज़ीज़ पीरे मुग़ाँ को भी मिरी मैकशी मिरी बेख़ुदी।
कभी लग़ज़िशें भी अगर हुईं तो उठा लिया मुझे प्यार से॥

करम उनका देख के ए शिफ़ा यही सोचता हूँ मैं बारहा।
के लगाव इतना है किसलिए उन्हें एक [6]मुश्ते ग़ुबार से॥

---

१. सूरज-चाँद, २. रात-दिन, ३. दोस्त का दरवाजा ४. योग ५. रिश्ता, ६. मुट्ठी भर मिट्टी।

३-११-१९६७

ग़ज़ल

कहाँ होंगे [1]नक़्शे मासिवा जब हम नहीं होंगे।
[2]फ़क़त रह जाएगी ज़ाते ख़ुदा जब हम नहीं होंगे॥

तुम्हीं में जज़्ब हो जाएंगे हम तुमसे हुए पैदा।
तुम्हीं होगे यहाँ जलवानुमा जब हम नहीं होंगे॥

यहाँ तो मौत का [3]बाइस है एहसासे [4]मनोमाई।
ज़माने में किसे होगी [5]फ़ना जब हम नहीं होंगे॥

हदीसे तालीबो मतलूब एहसासे दुई तक है।
तुम्हीं होगे ख़ुद अपना मुद्दआ जब हम नहीं होंगे॥

हमारी ज़ात तक महदूद है ये फ़ासला [6]बाहम।
रहोगे किस तरह हमसे जुदा जब हम नहीं होंगे॥

तुम्हारे सामने बनकर सवाली कौन आएगा।
न उठ्ठेगा कोई दस्ते दुआ जब हम नहीं होंगे॥

ख़ुदाई-ओ-ख़ुदावन्दी हमारी बन्दगी से है।
कहेगा कौन फिर तुमको ख़ुदा जब हम नहीं होंगे॥

हमारे बाद किसको नाज़ होगा जुर्मे उल्फ़त पर।
किसे दोगे महोब्बत की सज़ा जब हम नहीं होंगे॥

शिफ़ा हमसे [7]इबारत है जहाँ में [8]ज़ौक़ सजदों का।
किसे होगी तलाशे [9]नक़्शे पा जब हम नही होंगे॥

---

१. द्वेत के निशान २. सिर्फ, ३. कारण, ४. अहमभाव, ५. मौत, ६. बीच में, ७. वर्णन, ८. शौक, ९. पैरों के निशान।

५-५-१९६८

ग़ज़ल

महोब्बत की है उनसे हमको ग़म खाना भी आता है।
अगर मायूसियाँ हों दिल को समझाना भी आता है॥

हमारी राह रोकेंगे अगर दैरो हरम वाले।
तो हमको मैकदे की राह से जाना भी आता है॥

न हो गुमराह भी कोई हमारी ख़ाकसारी से।
बगूला बनके गरदूँ पर हमें छाना भी आता है॥

दुआ ये है नज़र सीधी रहे हम पर तो साक़ी की।
बिठाकर मैकदे में जिसको तरसाना भी आता है॥

उमड़ आते हैं अश्क उनके हमारी बेक़रारी पर।
तड़पना भी हमें आता है तड़पाना भी आता है॥

ग़मे दुनिया से दिल [1]मेहफ़ूज़ रखने के लिए हमको।
तसव्वुर की हसीं वादी में खो जाना भी आता है॥

तमन्नाएं हमारी नक़्श उन पर छोड जाती हैं।
के इन लहरों को चट्टानों से टकराना भी आता है॥

[2]नदामत है हमें अपने गुनाहों पर मगर हमको।
पकड़ कर दामने रहमत मचल जाना भी आता है॥

शिफ़ा हम वो गुले रंगीं हैं गुलज़ारे महोब्बत में।
जिन्हें खिलना अगर आता है मुरझाना भी आता है॥

---

१. बचाकर, २. शर्म।

१९-५-६८

ग़ज़ल

दिल में जलवानुमा हुआ कोई।
दरदे दिल की दवा हुआ कोई॥

हिल गया आज आस्ताना-ए-दोस्त।
हमसे सजदा अदा हुआ कोई॥

दाग़ सीने के मुस्कराए हैं।
मुज़दा-ए-जाँ फ़िज़ा हुआ कोई॥

दिल पे तुमने निशान देखा है।
दाग़ है ये धुला हुआ कोई॥

खाक लिपटी है पाये जानाँ से।
दिल है शायद पिसा हुआ कोई॥

चश्मे [1]फ़ितरत में आ गए आँसू।
दर्द से आशना हुआ कोई॥

ये हमारी भी ज़िन्दगी क्या है।
क़ाफ़िला है लूटा हुआ कोई॥

फिर हुआ हमको शौक़ सजदों का।
फिर हमारा ख़ुदा हुआ कोई॥

[2]मुस्तक़िल हो गया ग़मे जानाँ।
[3]बेनियाज़े शिफ़ा हुआ कोई॥

---

१. प्रकृति की आँख, २. स्थायी, ३. बेपरवाह।

३०-५-१९६८

ग़ज़ल

हर दुआ नाकाम होकर रह गई ।
इश्क़ का इनआम होकर रह गई ।।

उनसे वाबस्ता रही जो ज़िन्दगी ।
अब खयाले ख़ाम होकर रह गई ।।

हमपे माइल थी जो चश्मे [1]इल्तिफ़ात ।
गरदिशे [2]अय्याम होकर रह गई ।।

जिसके साये में [3]मुयस्सर का सुकूं ।
ज़ुल्फ़ अब वो [4]दाम होकर रह गई ।।

ज़िन्दगी क्या रह गई उनके बग़ैर ।
एक ख़ाली जाम होकर रह गई ।।

अब तो वो भी आ गए थे राह पर ।
ज़िन्दगी की शाम होकर रह गई ।।

इश्क़ में नाकाम[5]रानी ऐ शिफ़ा ।
सब तुम्हारे नाम होकर रह गई ।।

---

१. कृपा, २. समय का चक्र, ३. मिला हुआ, ४. याद, ५. मायूसी ।

१३-७-१९६८

ग़ज़ल

मुझ पर जो इल्तिफ़ात है उसमें कमी न हो।
ऐ हुस्न देखना कहीं दिल की हँसी न हो॥

वो मेरे बाद मुझको यक़ीनन करेंगे याद।
ऐसा मिरी [2]हयात में शायद कमी न हो॥

यूं तो न तोड़िये दिले ख़ाना ख़राब को।
इसमें भी आपकी कोई दुनिया बसी न हो॥

ज़र्रों में कायनात के जिसका [1]ज़हूर है।
मैं सोचता हूं दिल में भी [4]पिन्हाँ वोही न हो॥

तय हो रही हैं इश्क़ की दुशवार मन्ज़िलें।
उसने [5]हरीमे नाज़ से आवाज़ दी न हो॥

उन पर न हो शिफ़ा मिरी [6]दरमाँदगी का बार।
बेहतर तो है यही मिरी चारागरी न हो॥

---

१. कृपा, २. जिन्दगी, ३. दर्शन, ४. छुपा हुआ, ५. अपने स्थान से, ६. दुःखों का बोझ।

१५-९-६८

ग़ज़ल

नज़र उठाओ इक ऐसा भी दौर चल जाए।
बजाए दर्द दिलों में सरूर ढल जाए॥

शबे फ़िराक़ मिरे ज़ब्त से अन्धेरा है।
इक अश्क आँख में आए चिराग़ जल जाए॥

बवक़्ते [1]मर्ग तुम आओ ख़ुशी से जाँ निकले।
ये आरज़ू भी नहीं है के मौत टल जाए॥

ज़रा समझ ले कोई जिस्मो रूह का रिश्ता।
हयातो मौत का [2]मफ़हूम ही बदल जाए॥

तुम्हारी राह में दीवानगी ग़नीमत है।
मआले इश्क़ समझ ले तो दिल दहल जाए॥

मिरे लिए तो तग़ाफ़ुल ही ठीक है ए दोस्त।
तिरे करम से कहीं आरज़ू मचल जाए॥

शिफ़ा हर एक क़दम है मक़ाम [3]इबरत का।
रहे वफ़ा में जहाँ भी कोई संभल जाए॥

---

१. मौत, २. मतलब, ३. सबक़ सीखने का।

२-११-१९६८

ग़ज़ल

दरसे [1]इबरत बन सके [2]ख़ू यार की ऐसी तो हो।
रुख़ बदल दे ज़िन्दगी का बेरुख़ी ऐसी तो हो॥

फिर रहा हूं [3]दोष पर रखकर जनाज़ा होश का।
देख ऐ ज़ौक़ जूनूं दीवानगी ऐसी तो हो॥

मैकशी क्या डूब जा ऐ दिल शराब-ए-हुस्न में।
[4]ज़ोह्द भी सजदा करे [5]तरदामनी ऐसी तो हो॥

मैं बयाँ करता रहूँ वो उम्र भर सुनते रहें।
किस्सा-ए-ग़म के बयाँ में दिलकशी ऐसी तो हो॥

जुस्तजू किसकी किये जा [6]कुये जानाँ का तवाफ़।
वो पुकारें ख़ुद तुझे आवारगी ऐसी तो हो॥

उनको समझा है जुदा ज़ौक़े [7]परसतिश के लिए।
[8]मासिवा कोई न हो क़ैदे दुई ऐसी तो हो॥

हर ख़ुशी के बाद ही मौजूद है ग़म का हुजूम।
जिसका हासिल ग़म न हो कोई ख़ुशी ऐसी तो हो॥

इस तरह हमको पिला औरों को भी हो [9]इश्तियाक़।
ज़ौक़े मैनोशी बढ़े साक़ी गरी ऐसी तो हो॥

देखकर उनको शिफ़ा यूं मुस्कुराए हम तो क्या।
[10]ग़ुन्चा-ए-दिल भी खिले लब पर हँसी ऐसी तो हो॥

---

१. सबक़ सीखना, २. आदत, ३. कन्धा, ४. भक्ति, ५. पाप, ६. दोस्त की गली, ७. पूजना, ८. इसके सिवाय, ९. शौक़, १०. दिल की कली।

८-३-१९६९

ग़ज़ल

तुम्हारा हुस्न यूं लफ़्ज़ों में समझाया नहीं जाता।
मिरा [1]मफ़हूम जैसे साज़ पर गाया नहीं जाता॥

हम अपनी [2]वुसअते दामाँ जूनूँ की नज़्र कर बैठे।
अब इतना तंग है दामन के फैलाया नहीं जाता॥

हमारे दिल की मजबूरी तुम अपनी ज़ुल्फ़ से पूछो।
के दानिस्ता किसी के दाम में आया नहीं जाता॥

मिलाकर प्यार से नज़रें निगाहें फेरने वाले।
अगर तारे नज़र उलझे तो सुलझाया नहीं जाता॥

खुदा को छोड़कर [3]इश्क़े-बुताँ में हो गया काफ़िर।
तो उस दिल को जला देते हैं दफ़नाया नहीं जाता॥

मिरा हाले ज़ुबूं मुझसे मुक़र्रर् पूछने वालो।
ये ग़म की दास्ताँ है इसको दोहराया नहीं जाता॥

हमें एहले जहाँ बे ज़ौक़ समझे तो बजा समझे।
के हमसे ज़िन्दगी के साज़ पर गाया नहीं जाता॥

खिरद मन्दों में हम एहले जूनूँ ख़ामोश बैठे हैं।
के हमसे इन समझदारों को समझाया नहीं जाता॥

शिफ़ा जो बा दिले सादिक़ दरे साक़ी पे आ जाए।
उसे मख़मूर कर देते हैं तरसाया नहीं जाता॥

---

१. मतलब, २. लम्बाई-चौड़ाई, ३. दुनिया वालों का प्यार।

१-४-१९६९

ग़ज़ल

जहाँ में जिस जगह नक़्शे दिले बरबाद बाक़ी है।
वहाँ के ज़र्रे ज़र्रे में तुम्हारी याद बाक़ी है॥

गिराकर फिर बना सकते हो तुम [1]क़स्रे महोब्बत को।
मिरे दिल में तुम्हारे इश्क़ की बुनयाद बाक़ी है॥

[2]क़फ़स में भी [3]तख़य्यूल पर नहीं पाबन्दियाँ मुमकिन।
[4]असिरी में भी मेरी [5]फ़ितरते आज़ाद बाक़ी है॥

जहाँ तुम थे वहाँ होते हैं अब तक हुस्न के चर्चे।
जहाँ मैं था महोब्बत की वहाँ [6]रूदाद बाक़ी है॥

कभी जाकर क़फ़स की तीलियों पर बैठ जाता हूं।
रिहा होकर भी पासे ख़ातिरे सय्याद बाक़ी है॥

सुकूं महसूस क्यों होने लगा है दौरे हिजराँ में।
अभी शायद महोब्बत की कोई [7]उफ़्ताद बाक़ी है॥

पलट आती है जो हर बार जाकर गरदिशे दौराँ।
कोई उस [8]काकुले पेचाँ का खाना [9]ज़ाद बाक़ी है॥

मिरी रूदाद तो सुनये अभी से फ़ैसला कैसा।
अभी मेरे गुनाहों की बड़ी तादाद बाक़ी है॥

शिफ़ा इस बेनियाज़ी से नक़्शे दिल नहीं मिटते।
ख़्याल उनका हटाने पर भी उनकी याद बाक़ी है॥

---

१. महल, २. पिंजरा, ३. ख़याल, ४. क़ैद, ५. प्रकृति, ६. कहानी, ७. बुरी ख़बर, ८. उलझी हुई ज़ुलफ़ें, ९. रिश्तेदार।

२०-५-१९६९

ग़ज़ल

क़ैदे हयात काट दी आलमे ख़्वाब जान कर।
सारे अलम भुला दिए नक़्श [1]बर आब जान कर॥

आए जो आप कुछ नज़र परदा-ए-दिल में [2]जलवागर।
खोल दिए हैं बन्दे दिल बन्दे नक़ाब जान कर॥

दिल का न कुछ [3]मुआविज़ा मेरा न कुछ [4]मुतालबा।
आपको दे दिया है दिल ऐने [5]सवाब जान कर॥

देखिए आए क्या सदा दिल का है ये मुआमला।
छेड़ दिए हैं तारे दिल तारे रबाब जान कर॥

जिसको न हम झूका सके दैरो हरम के सामने।
हमने वो सर झूका दिया उनकी जनाब जान कर॥

अपनी निगाहे मस्त का देखिए मुझपे [6]मोजिज़ा।
आप भी दूर हट गए मस्ते शराब जान कर॥

अपना यही था [7]मशग़ला इतना ही था मुआमला।
इश्क़ का हाल कह दिया [8]फ़र्दे हिसाब जान कर॥

उनसे सवाले [9]वस्ल पर अपना जो हाल ग़ैर है।
देखिए दिल पे क्या बने उनका जवाब जान कर॥

[10]कुश्ता-ए-नाज़ है यही [11]मेहरमे राज़ है यही।
दिल को शिफ़ा न छोड़ना ख़ाना ख़राब जान कर॥

---

१. पानी के ऊपर लिखे हुए निशान, २. साश्वत, ३. क़ीमत, ४. माँग, ५. पुण्य, ६. चमत्कार, ७. शौक़, ८. कर्मों का लेखा, ९. मिलना, १०. मारा हुआ, ११. भेदों का जानने वाला।

२८-१-१९७०

ग़ज़ल

निखर चुका है [1]शऊरे सजदा न हर जगह सर झुकाएंगे हम ।
जो मिल गया नक़्शे पा तुम्हारा तो फिर न सर को उठाएंगे हम ।।

तुम्हीं से [2]मनसूब है फ़साना तुम्हीं से कहने की आरज़ू है ।
अगर सुनोगे न तुम ये क़िस्सा तो और किसको सुनाएंगे हम ।।

तुम्हारे जलवों की आरज़ू है के दीद हो लुत्फ़े दीद भी हो ।
हवास जाते रहे जो अपने तो होश में फिर न आएंगे हम ।।

वफ़ा की [3]पुरहौल वादियों में कहीं न शोरे [4]फ़ुग़ाँ मिलेगा ।
जो ज़ब्त टूटा तो आँसुओं से रहे वफ़ा जगमगाएंगे हम ।।

हम अपनी बरबादयों के सदक़े तुम्हें तो दादे वफ़ा भी देंगे ।
मगर तुम्हारे सितम का शिकवा कभी ज़बाँ पर न लाएंगे हम ।।

ज़माना करदेगा दूर दिल से [5]तिलिस्मे एहसासे हुस्न जिस दिन ।
हमें तो तुम याद आ रहे हो तुम्हें बहुत याद आएंगे हम ।।

[6]अगरचे आँखों में आ गया दम ज़बाँ में ताबे सुख़न नहीं है ।
तुम अब भी पूछोगे हाले दिल तो जबाब में मुस्कुराएंगे हम ।।

शिफ़ा महोब्बत की [7]वुसअतों को न मिल सका जब कहीं ठिकाना ।
यही इरादा किया हैं हमने के अब तो ख़ुद में समाएंगे हम ।।

---

१. सलीक़ा, २. लगाव वाला, ३. डरावनी, ४. रौनक़, ५. जादू, ६. बेशक फैलाव ।

२०-४-१९७०

ग़ज़ल

ज़ौक़े [1]नमूद का तिरे सामाँ रहेंगे हम।
हर बार [2]कायनात का अरमाँ रहेंगे हम ॥

जब आलमे [3]ज़हूर में आएगी ज़िन्दगी।
बनकर चिराग़े इश्क़ [4]फ़िरोज़ाँ रहेंगे हम ॥

होगी बग़ैर इश्क़ न [5]तकमीले ज़िन्दगी।
अफ़साना-ए-हयात का [6]उन्वाँ रहेंगे हम ॥

[7]तख़लीक़े दोस्त में न रहे दर्द की कमी।
[8]तकमीले ज़ौक़े यार का सामाँ रहेंगे हम ॥

नाकामियाँ हैं आइना-ए-क़ल्बे [9]कामराँ।
पूरा न हो कभी जो वो अरमाँ रहेंगे हम ॥

[10]तदबीर बन के आलमे इमकाँ पे छाएंगे।
मायूसियों से [11]दस्तो गरीबा रहेंगे हम ॥

होगी हमीं से दीद की तकमील ऐ शिफ़ा।
[12]फ़ितरत की चश्मे शौक़ पर एहसाँ रहेंगे हम ॥

---

१. सपष्ट होना, २. सृष्टि, ३. ज़ाहिर होना, ४. खिलते हुए, ५. पूर्णतया, ६. शीर्षक, ७. रचना, ८. पूरा करना, ९. सफल, १०. कोशिश, ११. छीना-झपटी, १२. सृष्टि।

५-४-७१

ग़ज़ल

ग़म देकर होश की दुनिया से बेगाने बनाए जाते हैं।
दीवाने नहीं होते पैदा दीवाने बनाए जाते हैं॥

[1]जुरअत से वफ़ा की राहों में क़ुरबे [2]रूख़े जानाँ मिलता है।
उल्फ़त की राह में पर वाले परवाने बनाए जाते हैं॥

जब [3]चश्मे करम से साक़ी की दौरे मये इरफ़ाँ चलता है।
रिन्दों की प्यासी आँखों के पैमाने बनाए जाते हैं॥

[4]ख़ूकरदा-ए-दामे दुनिया की [5]दुनिया में बसर हो जाती है।
बेगाना-ए-दुनिया की ख़ातिर वीराने बनाए जाते हैं॥

इस होशो हवस की दुनिया से तेज़ी से निकल चल दीवाने।
इन तपती राहों में भी कहीं काशाने बनाए जाते हैं॥

जब उसका राज़ समझने में नाकाम ख़िरद हो जाती है।
उस एक हक़ीक़त के लाखों अफ़साने बनाए जाते हैं॥

मस्ती में तो तै हो जाती हैं उल्फ़त की कठिन लम्बी राहें।
इस वास्ते ग़म की राहों में मैख़ाने बनाए जाते हैं॥

मन्ज़ूर उन्हें जब होती हैं [13]तामीर वफ़ा की बस्ती की।
उल्फ़त से भरे दिल ले लेकर ग़मख़ाने बनाए जाते हैं॥

[10]कसरत से गुज़र कर ही तो नज़र [11]वहदत से शिनासा होती है।
[12]तामीरे हरन से क़ब्ल शिफ़ा बुतख़ाने बनाए जाते हैं॥

---

१. हिम्मत, २. प्रीतम के मुख के क़रीब होना, ३. कृपा करने वाली, आखें, ४. प्रभु रस की शराब का दौर, ५. आदि होना, ६. डुनिया का जाल, ७. घोसले-मकान, ८. बृद्धि, ९. बनान, १०. अनेक, ११. एक, १२. पहचान, १३. काबा बनाना।

१५-७-१९७१

ग़ज़ल

वफ़ा की राह में हम रह गए हैं क्या से क्या होकर।
कि अब तो आह भी दिल से निकलती है दुआ होकर॥

मिला है मरतबा ये उनकी राहों में फ़ना होकर।
हम इन राहों में [1]ताबिन्दा रहेंगे [2]ख़ाके पा होकर॥

हमें तो [3]जुस्तजू ही आपकी कुछ ऐसी रास आई।
कि [4]सरगरदाँ रहे राहों में मन्ज़िल [5]आशना होकर॥

न अब तो ज़िन्दगी अपनी न [6]ज़ौक़े ज़िन्दगी अपना।
कि हम तो जी रहे हैं अब किसी का [7]मुद्दआ होकर॥

ज़माने में ख़ुशी हमको मिली जितनी मुक़द्दर थी।
मगर कुछ ग़म मिले हमको मुक़द्दर से [8]सिवा होकर॥

इधर [10]तशनालबी मेरी उधर जामे [11]तिही मेरा।
ये सब देखा किए तुम [12]ख़ूगरे जूदो [13]सख़ा होकर॥

मुसीबत तो किसी गुमनाम को भी ढूंढ लेती है।
मिरी जानिब तो ये आई थी तीरे [14]बेख़ता होकर॥

सभी अपने नज़र आए मगर अपना न था कोई।
ये नक़्शा हमने देखा अपने [15]मरकज़ से जुदा होकर॥

तमाशा सोज़े ग़म का दिल जलाकर तुमने देखा है।
शिफ़ा क्या मिल गया तुमको [16]तग़ज़्ज़ुल आशना होकर॥

---

१. ऊंचा दर्जा, २. चमकते हुए, ३. पाँव की धूल, ४. तलाश, ५. फिरते रहे, ६. जानने वाला, ७. शौक़, ८. तमन्ना, ९. ज्यादा, १०. प्यासा होना, ११. खाली प्याला, १२. आदत वाली, १३. कृपालु और दानी, १४. अचूक, १५. केन्द्र १६. कविता।

२०-९-१९७१

ग़ज़ल

हम इश्क़ के राही हैं कुछ [1]ज़ादे सफ़र ले लें।
आहों में असर ले लें [2]आदाबे नज़र ले लें॥

ऐ इश्क़ अगर उनके दीदार का इमकाँ हो।
तो बहरे [3]तसद्दुक़ हम आँखों में [4]गोहर ले लें॥

हम आज संवारेंगे ज़ुलुफ़ और रुख़े जानाँ।
[5]तारीकिए शब ले लें अनवार सहर ले लें॥

मजबूरे महोब्बत हैं जो कुछ वो अता कर दें।
हम ख़न्दा-ब[6]-लब ले लें बा दीदा-ए-तर ले लें॥

इतनी तो इजाज़त दें वो वक़्ते[10] अता हमको।
[11]कौनेन के बदले हम [12]माबूद का दर ले लें॥

उल्फ़त में रहें दोनों [13]क़ल्ब और जिगर रौशन।
इक दाग़ इधर ले लें इक दाग़ उधर ले लें॥

हर [14]गाम शिफ़ा उनसे बढ़ जाएगी अब दूरी।
बढ़ता ही रहे ऐसा [15]दामाने नज़र ले लें॥

---

१. सफ़र का सामान, २. नज़र के क़ायदे, ३. वार-फेर, ४. मोती, ५. मौक़ा, ६. रात की स्याही, ७. सुबह की रोशनी, ८. हँसते हुए, ९. रोती हुई आँखों से, १०. कृपा के समय, ११. लोक-परलोक, १२. पूज्य, १३. दिल, १४. क़दम, १५. नज़र का पल्ला।

२५-४-१९७२

ग़ज़ल

दोस्त की[1] अन्जुमन की बात करो।
दोस्ती के चलन की बात करो॥

आशिक़ों से जो बात करनी हो।
हुस्न के बाँकपन की बात करो॥

उससे मुमकिन है दिल बहल जाए।
हमसे शेरो सुख़न की बात करो॥

अब नहीं हमको [2]ज़ब्त का यारा।
अब न बेगानापन की बात करो॥

साफ़ कहने से हम नहीं डरते।
हमसे दारो [3]रसन की बात करो॥

बात बेबात पर गिले शिकवे।
कोई तो अपने पन की बात करो॥

छोड़ दो अब तो [4]तलख़िए गुफ़्तार।
[5]लुत्फ़े कामो [6]दहन की बात करो॥

जब छिड़े ज़िक्र ज़िन्दगानी का।
साथ [7]गोरो कफ़न की बात करो॥

ऐ शिफ़ा ज़िकरे दोस्त हो वरना।
अज़मते [8]इलमो फ़न की बात करो॥

---

१. सभा, २. सहनशक्ति, ३. सूली-फाँसी, ४. बात का कड़वापन, ५. मेहरबानी, ६. वर्ताव, ७. क़ब्र, ८. साहित्य कला।

७-९-१९७२

ग़ज़ल

पिलाओ तुम जो आँखों से तो ये [1]तशनालबी क्यों हो।
जो तुम आँखों में बस जाओ तो फिर [2]मै की कमी क्यों हो॥

नज़र आओ न तुम मुझको जहाँ के ज़र्रे ज़र्रे में।
तो इस दुनिया-ए-फ़ानि से मुझे वावस्तगी क्यों हो॥

जुनूँ भी चाक कर देता है परदा राज़े [4]फ़ितरत का।
ख़िरद ही आशनाए-[5]राज़हा-ए-सरमदी क्यों हो॥

अगर मुझसे तुम्हारा कुछ नहीं अब रिशता-ए-बाहम।
तो मेरी बदनसीबी पर तुम्हें इतनी ख़ुशी क्यों हो॥

गुज़ारो चन्द रोज़ा ज़िन्दगी को बेनियाज़ाना।
किसी से दुश्मनी क्यों हो किसी से दोस्ती क्यों हो॥

अगर हर रूह का तुझसे नहीं है दायमी रिश्ता।
तो [6]अरबाबे फ़ना पर फ़र्ज़ तेरी बन्दगी क्यों हो॥

भुला देता है सुध अपनी तसव्वुर चश्मे साक़ी का।
शराबे नाब की [8]मरहून मेरी बेख़ुदी क्यों हो॥

अभी इक और भी माशुक़ है परदे में फ़ितरत के।
[9]बुताने दहर तक [10]महदूद मेरी आशिक़ी क्यों हो॥

शिफ़ा [11]मेराजे उल्फ़त है जब उनसे एक हो जाना।
तो दौरे इश्क़ में भी दिल को एहसासे [12]दुई क्यों हो॥

---

१. प्यासा होना, २. शराब, ३. लगाव, ४. सृष्टि, ५. प्रभु के भेद, ६. नाशवान लोग, ७. एहसान मन्द, ८. सीमित, ९. दुनिया वाले माशूक, १०. बूलन्दी, ११. द्वैतका ख्याल।

२७-७-१९७२

ग़ज़ल

इश्क कहता है के अपना रहनुमा कहिए मुझे।
हुस्न कहता है मगर फ़रमाँ रवा कहिए मुझे॥
और भी देखा कोई मेरी तरह बरबादे इश्क़।
ऐ जफ़ा [२]केशो वफ़ा की इन्तहा कहिए मुझे।
हमने देखा था ख़ुदा का हुस्न जिसके हुस्न में।
आज कहता है वो बुत हमसे ख़ुदा कहिए मुझे॥
नक़्शे [४]फ़ानि में [५]निहाँ मेरी हक़ीक़त और है।
ज़ेरे [६]गरदूं आप [७]गुंम्बद की सदा कहिए मुझे॥
दर्द तो होता है दिल में मुझको उसका ग़म नहीं।
ग़म से [८]मुस्तसना मगर दर्द [९]आशना कहिए मुझे॥
इस क़दर मुझको भरोसा है ख़ुदा की ज़ात पर।
बहरे [१०]हस्ती में हरीफ़े [११]नाख़ुदा कहिए मुझे॥
मेरी हस्ती दे रही है मेरे [१२]मरक़ज़ का पता।
हूं तो मैं नक़्शे [१३] दुई [१४]वहदत नुमा कहिए मुझे॥
मैंने अपने ग़म समझकर खाए हैं औरों के ग़म।
आलमे ग़म की मताए [१५] बेबहा कहिए मुझे॥
बाइसे तसकीने [१६]क़ल्बे ज़ार है मेरा कलाम।
महफ़िले शेरो सुख़न हो तो शिफ़ा कहिए मुझे॥

---

१. बादशाह, २. जालिमों, ३. हद, ४. नाशवान सूरत, ५. छुपी हुई, १. आसमान से नीचे, ७. गुम्बद की आवाज, ८. अलग, ९. दर्द को पहचानने वाला, १०. ज़िन्दगी का सागर, ११. मल्लाह का दुश्मन, १२. केन्द्र, १३. द्वैत का निशान, १४. अद्वैत को दिखाने वाला, १५. कीमती पूंजी, १६. दुखे हुए दिल की तसल्ली।

२४-९-१९७२

ग़ज़ल

भुला दिए ग़म रुख़े [1]मुनव्वर को देखकर बेनक़ाब हमने।
बुझा दिए सब चिराग़ अश्कों के देखकर [2]आफ़ताब हमने॥

बना लिया है ग्वाह तुमको बरा-ए-रोज़े हिसाब हमने।
हज़ार हा में समझ के अपना किया तुम्हें इन्तख़ाब हमने॥

रही हैं फिर महफ़िले वो सूनी जहाँ लुटाया शबाब हमने।
वहाँ कोई बैठकर पीये क्यों जहाँ लुन्ढाई शराब हमने॥

न दिल में शौक़े सवाब रक्खा कभी न ख़ौफ़े [4]अज़ाब हमने॥
शिफ़ा महोब्बत गुनाह है तो गुनह किए बेहिसाब हमने।

कहीं झुका है जो सर हमारा किया है हमने तुम्हीं को सजदा।
कभी किसी से जो बात की तो किया तुम्हीं को ख़िताब हमने॥

बढ़ी है जितनी नज़र को [5]वुस्अत तुम्हें कुछ उससे [6]वसीई पाया।
तुम्हारी इन वुस्अतों में देखा है ख़ुद को मिसले [7]हबाब हमने॥

तुम्हारे जलवों की जुस्तजू में क़दम क़दम पर बने फ़साने।
उन्हीं फ़सानों से जुस्तजू के लिखी है दिल की किताब हमने।

कभी तो जुगनू की रौशनी से हुई हमारी निगाह [8]ख़ीरा।
कभी निगाहों की वुस्अतों में छुपा लिया आफ़ताब हमने॥

शिफ़ा जहाँ में हर इक को परखा न था महोब्बत का [9]अहल कोई।
बड़े [10]तरद्दुद के बाद ख़ुद को किया है अब इन्तख़ाब हमने॥

---

१. ख़ूबसूरत मुखड़ा, २. सूर्य, ३. चुना है, ४. पाप का फल, ५. लम्बाई-चौड़ाई, ६. विशाल, ७. बुलबुला, ८. चकाचौंध, ९. क़ाबिल, १०. सोच-विचार।

७-१०-१९७२

ग़ज़ल

जाने मैख़ाना था साक़ी ज़ीनते मैख़ाना हम ।
अब ज़बाने हाल से कहते हैं वो अफ़साना हम ।।

तोड़ कर आए हैं क़ैदे काबा-ओ-बुतख़ाना हम ।
अब कहीं भी देख लेंगे जलवा-ए-जानाना हम ।।

रूह के राज़ों से दिल को कर रहे हैं आशना ।
फिर नए उन्वान से लिखेंगे इक अफ़शाना हम ।।

बेख़ुदी की शान थी जिन से ख़ुदी की शान थी ।
अब कहाँ ढूंढ़ें उन्हें जाकर दिले दीवाना हम ।।

अब कहाँ से लाएं दामन बख़्शिशों के नास्ते ।
वो कभी दस्ते जुनूं को दे चुके नज़राना हम ।।

अपनेपन को कर दिया है इस तरह अब दिल से दूर ।
एहले दुनिया से ही क्या ख़ुद से भी हैं बेगाना हम ।।

हमने जिस दिल में सजाई थीं हज़ारों महफ़िलें ।
अब उसी दिल में लिए फिरते हैं इक वीराना हम ।।

[1]औज पर दोनों तरफ़ है इन दिनों सोज़े [3]दुरुं ।
शम्मा [4]साँ वो जल रहे हैं सूरते परवाना हम ।।

जब शिफ़ा चश्मे करम साक़ी की उठती है इधर ।
दिल के टुकड़ों से बना लेते हैं इक पैमाना हम ।।

---

१. सजावट, २. बलन्दी, ३. दिल की जलन, ४. तरह ।

११-१-१९७३

ग़ज़ल

महोब्बत दिन ब दिन माइल ब [1]वहदत होती जाती है।
हर इक सूरत में पैदा उनकी सूरत होती जाती है॥

झूका करते हैं सर जिस पर गदाओं और शाहों के।
उसी दर की गदाई अपनी क़िस्मत होती जाती है॥

मिरे माबूद जितने आ रहे हो पास तुम मेरे।
मुझे दुनिया के हंगामों से फ़ुरसत होती जाती है॥

तुम्हारी ज़ात में गुम हो रही है अब मिरी हस्ती।
जो चाहत थी कभी अब वो [2]इबादत होती जाती है।

नक़ुशे [3]मासिवा अब ज़िन्दगी से मिटते जाते हैं।
हयाते [4]मुख़तसर तुमसे [5]इबारत होती जाती है॥

सलीक़ा आ गया है जब से जीने और मरने का।
दो चन्द इस ज़िन्दगी की क़दरो क़ीमत होती जाती है॥

इरादा कर लिया है जबसे हमने [6]तरके दुनिया का।
जो दुनिया बदनुमा की ख़ूबसूरत होती जाती है॥

शिफ़ा जब से भरोसा कर लिया है उनकी हिकमत पर।
न कुछ मिलने पे भी [10] तकमीले हसरत होती जाती है॥

---

१. अद्वैत २. प्रभु इच्छा ३. पूज्य ४. पूजा ५. आपके सिवा ६. थोड़ी सी ज़िन्दगी ७. वर्णन ८. छोड़ना ९. अक्लमन्दी १०. पूरा होना।

१२-४-१९७३

ग़ज़ल

हो[1] तवाफ़े रूये[2] जानाँ मिलले परवाना सही।
ज़ीस्त कुये[4] दोस्त में गुज़रे फ़क़ीराना सही॥
अब तो तुम ही इस मिरी रूदाद के उन्वान हो।
ज़िन्दगी मेरी है अफ़साना तो अफ़साना सही॥
दीनो दिल देकर उन्हें ख़ुद को[5] सुबुक पाते है हम।
नज़र कर दें जान भी इक और नज़राना सही॥
क़ाबिले अज़मत हें सब वाबस्त[6]गाने मैकदा।
रिन्दे मैख़ाना सही वो पीरे मैख़ाना सही॥
अपने दिल को आज भी कहते हैं हम ऐवाने दोस्त।
मरकज़े शादी भी होगा आज[7] ग़मख़ाना सही॥
मै कशे साक़ी का या साक़ीगरी का ज़िक्र हो।
कुछ तो दोहराओ हदीसे जामो पैमाना सही॥
'नोश करना है हयाते आरज़ी की जामे[9] मर्ग।
चन्म लम्हों के लिए इक ज़श्ने रिन्दाना सही॥
आशना हें[10] पेचीख़म से हम तुम्हारी राह के।
हम इन्हीं राहों से गुज़रे हें[11] गदायाना सही॥
ऐ शिफ़ा अब [12]इलतीफ़ाते दोस्त भी लाज़िम नहीं।
मिल तो जाते हैं कभी वो[13] बेनियाज़ाना सही॥

---

१. परिक्रमा २. प्रेमिका की गली ३. ज़िन्दगी ४. प्यार की गली ५. हल्का ६. संम्बन्धित ७. ग़म से भरा घर ८. पीना ९. मौत का प्याला १०. मोड़-तोड़ ११. फ़कीरों की तरह १२. मेहरबानी १३. ग़जे की तरह

१२-५-१९७३

ग़ज़ल

उसी दिन की ऊमीद पर जी रहे हैं,
कभी आपसे जब मुलाक़ात होगी।
ख़ुशी में बदल जाएंगी ग़म की घड़ियाँ,
नई ज़िन्दगी की शुरूआत होगी॥
न फिर कोई आएगा[1] मुशताक़े जलवा,
न फ़रमाएंगे आप[2] भी लनतरानी।
नुक़ूशे दुई ख़त्म हो जाएंगे सब,
फ़क़त जलवागर आपकी ज़ात होगी॥
ये मालूम है आपको हमसे बहतर,
के जो भी हुआ आप ही के करम से।
अगर हम से होगी गुनाहों की पुरसिश,
ख़मोशी जवाबे सवालात होगी॥
थकीं है हमें आपकी[3] मसलहत का,
न आएगा लब पर कभी कोई शिकवा।
अगर बेख़ुदी में भी हम कुछ कहेंगे,
ज़बाँ तरज़ुमाने ख़्यालात होगी॥
अगर तुम हुए मैं पिलाने पै माहिल,
तो आजाएगा मौसिमे बर्क़ो बाराँ।
अगर मुस्कराओगे चमकेगी बिजली,
हंसोगे तो फूलों की बरसात होगी॥

---

१. दर्शनाभिलाषी २. तू हमें नहीं देख सकता ३. अच्छा बुरा समझना।

उन्हें घेर लेंगे गुनहगार बन्दे,
तो फिर आएगी जोश में उनकी रहमत ।

निगाहे करम जिस तरफ़ भी उठेगी,
फ़क़त वक़्फ़े लुतफ़ो इनायात होगी ।।

ये था आलमे शौक़े दीदारे जानाँ,
थे इतने सुबुक उनकी मंज़िल के राही ।

रवाना हुए सुबह दम ये न सोचा,
कहाँ दिन ढलेगा कहाँ रात होगी ।।

महोब्बत का मफ़हूम क्या पूछते हो,
समझ लो ये[4] बाज़ी है क़ुर्बानियों की ।

जहाँ इश्क़ में दख़्ल देगी तमन्ना,
महोब्बत की बाज़ी वहीं मात होगी ।।

उन्हें नाज़ है ऐ शिफ़ा बेरुख़ी पर,
हमारा सहारा भी है बेनियाज़ी ।

के फ़िलहाल तो हमने लब सी लिए हैं,
हुई तो उनही से कभी बात होगी ।।

---

४. मतलब ५. खेल

९-३-१९७४

ग़ज़ल

अब मेरे[1] तजस्सुस को मिटा क्यों नहीं देते।
तुम दिल में छुपे हो तो[2] सदा क्यों नहीं देते॥

इस दौर में आसान नहीं आपका होना।
इस दौर को आसान बना क्यों नहीं देते॥

'संजीदगी अब बाइसे[3] आज़ार हुई है।
तुम हंस के ज़रा मुझको हंसा क्यों नहीं देते॥

क्यों मुझ पे है इल्ज़ाम मिरी मुरदादिली का।
मुरदा है मिरा दिल तो जिला क्यों नहीं देते॥

ये मेरी तबाही पे तो[5] अंगुश्त नुमा हैं।
अरबाबे[6] करम दादे वफ़ा क्यों नहीं देते॥

दुश्वार है इस अरसा-ए-फ़ुरक़त से गुज़रना।
तुम वक़्त की रफ़्तार बढ़ा क्यों नहीं देते॥

जो आबिदो[7] माबूद की[8] तफ़रीक़ मिटा दे।
वो नग़मा-ए-[9] तौहीद सुना क्यों नहीं देते॥

तुम भी हो मुक़ाबिल मिरे बेताब नज़र भी।
परदा मिरी आंखों से उठा क्यों नहीं देते॥

[10]तासीरे दवा हो तुम्हीं [11]एजाज़े दुआ हो
फिर अपने शिफ़ा को भी शिफ़ा क्यों नहीं देते॥

---

१. तलाश २. आवाज ३. मरकपना-चुपचाप ४. तकलीफ का सबक ५. अगुली उठाने वाले ६. कृपा करने वाले ७. पुजारी और पूज्य ८. भेद ९. अद्वैत का राग १०. असर ११. चमत्कार

८-४-१९७४

ग़ज़ल

जिस हाल में हूं मुझको तिरी[1] जुस्तजू तो है।
हासिल मिरी हयात का अब तू ही तू तो है॥
रह रह के पड़ रही है नज़र चाके[2] क़ल्ब पर।
यानि निगाहे दोस्त को फ़िकरे रफ़ू तो है॥
तू सामने हो और अदा हो नमाज़े इश्क़।
अब चश्मे अश्कबार मिरी बा वज़ु तो है॥
[3]तरतीब दे सको तो दो औराक़[4] ज़िन्दगी।
वरना हयात मारका-ए-हा[5] औ हू तो है॥
[6]तकमील[7] ज़ौक़े बादा कशी हो तो बात है।
बज़्मे जहाँ में गरदिशे जामो सबू तो है॥
उसकी सदा-ए-नाज़ से गोश[8] आशना नहीं।
यूँ नग़मा संज दिल में कोई ख़ुश गुलू तो है॥
हैराँ हूं दिल में अक्से रूखे यार देखकर।
मैं ढूंढ़ता था जिसको वो ही हू-ब-हू तो है॥
जिसने तमाम बज़्म को रंगीं बना दिया।
अफ़साना-ए-हयात में अपना लहू तो है॥
माना वफ़ा की राह में बरबाद हो गया।
पेशे हुज़ूर आज शिफ़ा सुर्ख़ रू तो है॥

---

१. तलाश २. दिल का फटाव ३. कायदे से लगाना ४. ज़िन्दगी के पन्ने ५. हू-हाँ-का दंगल ६. पूरा होना ७. काद ८. वाकिफ

(१९) १७-४-७४

ग़ज़ल

फेर लीं मैंने दुनिया से आँखें सनम,
मेरी आँखों में आना तिरा काम है।
मैंने महफ़िल सजा ली है अरमान की,
अब इसे जगमगाना तिरा काम है॥
[1]लनतरानी से [2]तसकीन मुमकिन नहीं,
मुझको मूसा का अंजाम मंज़रे है।
आ गया हूं मैं अब शौक़ के तूर पर,
मुझको जलवा दिखाना तिरा काम है॥
पेशतर कोई सौदा किया ही नहीं,
मुझको खोटे खरे की हो पहचान क्या।
मैंने दिल रख दिया है तिरे सामने,
इसकी क़ीमत लगाना तिरा काम है॥
चल दिया हूं तिरी दीद के शौक़ में,
किससे पूछूं पता क्या बताऊं निशाँ।
मैं भटकता रहूंगा तिरी राह में,
राह पर मुझको लाना तिरा काम है॥
मेरी दूनिया में तारे न [3]शमसो क़मर,
मैंने देखी नहीं रोशनी की किरण।
मेरी महफ़िल पे छाई हैं तारीकियाँ,
इसमें शममें जलाना तिरा काम है॥
ये रवादारये इश्क़ क़ायम रहे,
इश्क़ क़ुरबान होता रहे हुस्न पर।
मिसले शबनम मिरे अश्क बहते रहें,
मिसले गुल मुस्कुराना तिरा काम है॥
तेरे अशआर उन्होंने सुने हैं शिफ़ा,
उनको रग़बत भी है तेरे अशआर से।
[4]अलग़रज़ ग़ायबाना [5]ताअरुफ़ तो है,
उनसे रस्में बढ़ाना तिरा काम है॥

---

१. तू मुझे नहीं देख सकता, २. चैन, ३. सूरज-चाँद, ४. मतलब ये है, ५. पीठ पीछे जानना।

(१७) २०-४-७४

ग़ज़ल

तुमसे कोई गिला नहीं होता।
हमको अपना कहा नहीं होता॥

हमको क्या शौक़ था गुनाहों का।
[1]बाबे रहमत जो [2]वा नहीं होता॥

पूछते क्या हो इश्क़ का अंजाम।
काश दिल [3]मुबतिला नहीं होता॥

दिल जो होता है [4]माइले दुनिया।
[5]मूजिबे इरतिक़ा नहीं होता॥

एक ऐसी नज़र भी होती है।
जिसमें अच्छा बुरा नहीं होता॥

यूं तो वो दिल के पास रहते हैं।
आमना सामना नहीं होता॥

जिसकी होती है [6]मालोज़र पे नज़र।
वो किसी का सगा नहीं होता॥

हम ख़ुदा को तलाश करते हैं।
जो मिले वो ख़ुदा नहीं होता॥

जिससे नज़रें वो फेर लेते हैं।
आशनाए शिफ़ा नहीं होता॥

---

१. कर्म का द्वार, २. खुला, ३. फँसा, ४. झूका हुआ, ५. बलन्दी का कारण, ६. दौलत।

(१५) १२-६-७४

ग़ज़ल

बुत [1]परसती का मुझे ज़ौक़ [2]फ़िरावाँ भी नहीं।
दिल ही आ जाए तो फिर इश्क़ मुसलमाँ भी नहीं॥

जब नहीं दोस्त तो क्या दर्द का दरमाँ ढूंढें।
यूं सिवा दोस्त के इस दर्द का दरमाँ भी नहीं॥

दिल को एहसास सा है बेसरो सामानी का।
ज़िन्दगी देखने में बेसरो सामाँ भी नहीं॥

ये भी मेराजे तसव्वुर है के अब तो ऐ दोस्त।
[3]क़ुर्ब इतना है तिरा दीद का अरमाँ भी नहीं॥

अब कोई शौक़ नहीं जिसके लिए जीना पड़े।
ज़ीस्त जब तक है मैं जीने से [4]गुरेज़ाँ भी नहीं॥

क्या तुझे पेश करें बेसरो सामानी में।
अब तो ऐ दस्ते जुनूं तारे गरीबाँ भी नहीं॥

ये दिले हिज्र ज़दा और तरसती आँखें।
यारा-ए-ज़ब्त नहीं दीद का इकमाँ भी नहीं॥

इश्क़ की डोर से क़ायम है निज़ामे आलम।
और यूं इश्क़ कोई कारे नुमायाँ भी नहीं॥

[5]तुमने पूछा भी कभी क्या है शिफ़ा का मज़हब।
बन्दा-ए-कुफ़्र नहीं साहिबे ईमाँ भी नहीं॥

---

१. मूर्ति पूजा, २. बहुत शौक, ३. नजदीक होना, ४. भाग जाना, ५. नास्तिक।

(१३) १३-७-७४

ग़ज़ल

और तो सब नामा—ए-आमाल से जाने गए।
दिल के दाग़ों से तिरे [२]उश्शाक़ पहचाने गए॥

दोस्त के दर पर गए कुछ लोग दुनिया माँगने।
हम दरे दिलदार पर दुनिया को ठुकराने गए॥

दोस्तों को हमसे सादा लोह क्या पहचानते।
दुश्मनों की खोज में कुछ दोस्त पहचाने गए॥

ये किरिश्मा है मिरे साक़ी के लुल्फ़े ख़ास का।
छोड़ कर दैरो हरम कुछ लोग मैख़ाने गए॥

जब किसी सूरत से भी आया नहीं दिल को क़रार।
हम हुज़ूरे दोस्त दिल की बात मनमाने गए॥

उस भरी महफ़िल में गोया कोई शै [३]हाइल न थी।
इस तरह उश्शाक़ तक आँखों के पैमाने गए॥

उम्र गुज़री एहले दुनिया का तमाशा देखते।
जो हमारे बन के आए होके बेगाने गए॥

वो गए तरके ताअल्लुक़ करके हमसे और हम।
उनको [४]ताहददे नज़र नज़रों से पहुंचाने गए॥

आज वो दुनिया के होकर रह गए है ऐ शिफ़ा।
कल हम उनके वास्ते दुनिया से टकराने गए॥

---

१. कर्मों का लेख, २. प्रेमी, ३. रुकावट, ४. नजर की हद तक।

(११) १८-८-७४

ग़ज़ल

किये तर हमने लब ख़ूने जिगर से।
इलाही इस तरह कोई न तरसे॥

घटा उठ्ठी तो है साक़ी के दर से।
मगर देखें कहाँ जाकर ये बरसे॥

मुरस्सा है जिगर तीरे नज़र से।
ये नावक कब निकलते हैं जिगर से॥

तुम्हारे [1]आरिज़ो [2]गेसू के क़िस्से।
कहो तो पूछ लें शामो सहर से॥

तुम्हें पहचान क्या एहले वफ़ा की।
हमें देखो हमारी ही नज़र से॥

सरे राहे खड़े ये सोचते हैं।
किधर जाएंगे हम आए किधर से॥

हमारी ही [3]गदाई का है चर्चा।
हमीं [4]मनसूब हैं साक़ी के दर से॥

[5]मुजस्सम इश्क़ है हस्ती हमारी।
कोई देखे जो चश्मे हक़ निगर से॥

दुआ के वास्ते क्यों हाथ उठ्ठे।
शिफ़ा ये पूछना है चारागर से॥

---

१. गाल, २. बाल, ३. ज़कीरी, ४. जुड़े हुए, ५. केवल प्रेम।

१०-१२-१९७४

ग़ज़ल

चश्मे [1]मुशताक़ तुझे [2]ताबे तमाशा ही नहीं।
हम ये समझे हैं रुख़े यार दे परदा ही नहीं॥

चाँद से फूल से या शमा से [3]तशबीह तो दूं।
कोई चेहरा रुख़े दिलदार से मिलता ही नहीं॥

मासिवा के भी बहुत जाल थे फैले [4]हरसू।
तेरी ज़ुल्फ़ों के सिवा दिल कहीं उलझा ही नहीं॥

दरमियाँ आपके मेरे है [5]अना का परदा।
मेरा एहसासे ख़ुदी दिल से निकलता ही नहीं॥

चारा जूई के तकल्लुफ़ से रखा है आज़ाद।
हमको वो दर्द दिया जिसका [6]मुदावा ही नहीं॥

मैं ने चाहा था तुझे अपने [7]सुख़न में ढ़ालूं।
मैं ने जो कुछ भी लिखा तेरा [8]सरापा ही नहीं॥

भाव क्या कीजिएगा आप शिफ़ा के दिल का।
जिसमें हो ख़ौफ़ [9]ज़ियाँ ये तो वो सौदा ही नहीं॥

---

१. शौक़ीन आँख, २. देखने की हिम्मत, ३. उपमा, ४. हर तरफ़, ५. अह्म भाव, ६. इलाज, ७. कविता, ८. पूरा ब्यान, ९. नुकसान का डर।

७-३-१९७५

ग़ज़ल

दिल भी ख़ामोश है ज़बाँ ख़ामोश
है महोब्बत भी इक बयाँ ख़ामोश ॥

उनसे आँखों ने कह दिया सब कुछ।
बाअदब थी रही ज़बाँ ख़ामोश ॥

दिल किसी बावफ़ा का टूटा था।
उससे आगे है दास्ताँ ख़ामोश ॥

ख़ुद वो शाहिद है मेरे सजदों का।
क्यों है फिर संगे [2]आस्ताँ ख़ामोश ॥

ज़ख़्मे दिल ने ही लब [3]कुशाई की।
तीर ख़ामोश था, कमाँ ख़ामोश ॥

वलवले कारवाँ के साथ गए।
रह गई गरदे कारवाँ ख़ामोश ॥

थे महोब्बत के जिनमें हंगामे।
अब पड़ी हैं वो बस्तियाँ ख़ामोश ॥

कोई आवाज़ ही नहीं आती।
मैं [4]क़फ़स में हूं [5]आशियाँ ख़ामोश ॥

ज़ख़्म दिल के शिफ़ा जिगर के दाग़।
ये महोब्बत के हैं निशाँ ख़ामोश ॥

---

१. गवाह-साक्षी, २. दरवाज़े का पत्थर, ३. होंट खोलना, ४. पिंजरा, ५. घोंसला।

२-८-१९७५

ग़ज़ल

वक़्ते आख़िर आ गया उनका जवाब ।
अब [1]मुकम्मल हो गई दिल की किताब ।।

एहदे [2]तिफ़ली फिर लड़कपन फिर शबाब ।
ज़िन्दगी है इक [3]मुसलसल इनक़िलाब ।।

आँख मिलते ही हुए [4]मख़मूर हम ।
चश्मे साक़ी है के है जामे शराब ।।

वक़्ते [5]निज़्ज़ा उसने परदा कर लिया ।
मेरी .दुनिया छुप गई ज़ेरे नक़ाब ।।

हमसे लाखों है तुम्हारे वास्ते ।
तुमको लाखों में किया है [6]इन्तिख़ाब ।।

तुझको क्यों इतनी ये दुनिया भा गई ।
हरफ़े [7]बातिल है दिले ख़ाना ख़राब ।।

ये न सोचो [8]मुनहरिफ़ दुनिया हुई ।
यूँ समझ लो खुल गया रहमत [9]काबाब ।।

हाँ कभी राहें मिरी तारीक थीं ।
अब तो हर ज़र्रा है उनका [10]आफ़ताब ।।

आ रहे हे वो शिफ़ा जितने क़रीब ।
और बढ़ता जा रहा है इज़तिराब ।।

---

१. पूरी, २. बचपन, ३. लगातार, ४. शराबी, ५. दम तोड़ते वक्त, ६. छांटा है, ७. ग़लत अक्षर, ८. दुनिया तुमसे फिर गई, ९. कृपा का द्वार, १०. सूर्य, ११. बैचेनी ।

२७-९-७५

ग़ज़ल

क़ल्बो नज़र में [1]राबिता क़ायम वो कर गए।
आँखों की राह आए थे दिल में उतर गए॥

लेकर वफ़ा की [2]तोहमतें जो अपने सर गए।
वो अरसा-ए-हयात में कुछ काम कर गए॥

गुज़रा जो वक़्त गिरया-ए-पेहम भी थम गया।
बरसात में चढ़े थे वो दरया उतर गए॥

जिसकी तलाश है नहीं आया अभी नज़र।
सारे जहाँ में ले के हम ज़ौक़े नज़र गये॥

[3]कुन्जे क़फ़स से अपने [4]तख़य्युल के [5]फ़ैज़ से।
हम गुलसिताँ में बारहा बेबालो पर गए॥

वो लोग कुछ न पा सके बहरे हयात में।
साहिल पे जो खड़े रहे तूफ़ाँ से डर गए॥

अश्कों ने हाले ज़ार [6]अयाँ उन पे कर दिया।
रोने से दाग़ और भी दिल के निखर गए॥

हम बार गाहे दोस्त में पहुँचे हैं सर [7]निगुं।
लेकिन जहाँ के सामने सीना सिपर गए॥

दिल को ग़मे [8]फ़िराक़ का इक रोग लग गया।
बहरे शिफ़ा वो आए थे बीमार कर गए॥

---

१. जोड़, २. बुराई, ३. कोना, ४. ख्याल, ५. कृपा, ६. जाहिर, ७. सिर झुकाए हुए, ८. विरह।

१०-१२-१९७५

ग़ज़ल

बढ़ा दो उलझनें ये गेसुए [1]पुरख़म हमें दे दो।
लगाओ ज़ख़्म दिल पर हसरते मरहम हमें दे दो॥

तुम्हारा क़ुर्ब पाकर अपनी हस्ती हम फ़ना कर दें।
हँसो तुम फूल बनकर[2] गिरया-ए-शबनम हमें दे दो॥

हमारे ग़म का [3]परतौ क्यों पड़े रूए मुनव्वर पर।
रहो तुम [4]शादमाँ [5]टाइम हमारा ग़म हमें दे दो॥

तुम्हारा नक़्श हो दिल पर तुम्हारा नाम हो लब पर।
भुला दें ख़ुद को हम वो [6]वज्द का आलम हमें दे दो॥

हम अपने आसुओं से गरदे [7]इसयाँ दिल से धो डालें।
तुम अपने हिज्र में वो गिरया-ए-पेहम हमें दे दो॥

कहीं ऐसा न हो मायूसियों में दम निकल जाए।
[8]तशफ़्फ़ी क्या तसल्ली ही कोई [9]मुबहम हमें दे दो॥

परीशाँ होके मेरे हाल से कहना पड़ा उनको।
शिफ़ा ये [10]ज़ीस्त का [11]शीराज़ा-ए-बरहम हमें दे दो॥

---

१. बल खाए हुए, २. औस का रोना, ३. साया, ४. खुश, ५. हमेशा, ६. मस्ती, ७. पाप, ८. भरोसा, ९. बहलाने वाली, १०. जिन्दगी, ११. बिखरा हुआ ताना-बाना।

१४-१०-१९७५

ग़ज़ल

पूजा था तुझे दिल से हमने सनम तन्हा।
अब वादिये [1]ग़ुरबत में रक्खेंगे क़दम [2]तन्हा॥

दुनिया के सहारे तो मंझधार में सब टूटे।
अब तो है सहारे को उनका ही करम तन्हा॥

तुम एहदे महोब्बत के पाबंद हुए क्योंकर।
मैंने तो वफ़ाओं की खाई थी क़सम तन्हा॥

हम आपकी राहों में पामाले [3]महोब्बत हैं।
हमसे भी कभी सुनिए रूदादे [4]अलम तन्हा॥

ग़म अपने फ़सानों में औरों के भी शामिल थे।
बदनाम हुए लेकिन हम एहले क़लम तन्हा॥

इक [5]तुरफ़ा तमाशा थी बेगाना रवी उनकी।
हमराह थे वो लेकिन थे राह में हम तन्हा॥

औरों ने नहीं टोका तुमने भी नहीं देखा।
हम [6]बज़्म में बैठे थे बा दीदा-ए-नम तन्हा॥

नाकामये दिल में थी अपनी भी अना शामिल।
हाइल थे इबादत में कब दैरो हरम तन्हा॥

हर चीज़ हमारी अब मन्ज़िल में फ़ना की है।
बाक़ी है शिफ़ा अब तो जीने का भरम तन्हा॥

---

१. सफ़र, २. अकेला, ३. बरबाद, ४. दुःख भरी कहानी, ५. अजीब, ६. सभा, ७. आँखों में आँसू भरे।

१-१-१९७६

ग़ज़ल

दुनिया तो ये कहती है, क़ातिल है तिरी आँखें।
मैं कहता हूं हसती का हासिल हैं तिरी आँखें॥

इनसे भी महोब्बत के पैग़ाम हमें पहुँचे।
पैग़ाम [1]रसानों में शामिल हैं तिरी आँखें॥

ऐहसान से जिसके हम गर्दन न उठा पाए।
उस लुत्फ़े [2]फ़िरावाँ की हामिल हैं तिरी आँखें॥

आँखें है तिरी साक़ी साग़र मैय [3]इरफ़ाँ कै।
होंटों से लगाने के क़ाबिल है तिरी आँखें॥

भालों से [4]मुज़य्यन है आरास्ता तीरों से।
हर दिल से उलझने पर माइल है तिरी आँखें॥

नज़रों से तिरी आकर आँखों में समा जाऊँ।
राहें है तिरी नज़रें मन्ज़िल है तिरी आँखें॥

दुनियाए—ए—तमन्ना का नापैद किनारा है।
इस बहरे फ़िरावाँ में साहिल है तिरी आँखें॥

मानो तो ख़ता भी है, बे पर्दा तुझे देखा।
वरना तो इन आँखों में, शामिल है तिरी आँखें॥

ऐ दोस्त इन आँखों में दुनिया भी है [5]उक़बा भी।
अच्छा है शिफ़ा पर भी माइल है तिरी आँखें॥

---

१. सन्देशा पहुंचाने वाले, २. अति कृपा, ३. ज्ञान की शराब ४. सजी हुई, ५. लोक परलोक।

२-११-१९७६

ग़ज़ल

हो के माइल यूं वो आए अपने दीवानों के पास।
जैसे आती है सुराही भूक के पैमानों के पास॥

एक दिल टूटा हुआ सा उसमें इक नक़्शे वफ़ा।
बस यही कुछ रह गया हम ख़ाना वीरानों के पास॥

जब हुए मेहमान दिल में दोस्त के क़ौलो [1]क़रार।
रात भर बैठे रहे हम, दिल के मेहमानों के पास॥

मै कशी होती कभी [2]तशना लबी चलती कभी।
ज़िन्दगी लेकिन गुज़ारी हमने मैख़ानों के पास॥

सुर्ख़ रू हो हो गए करके [3]तसद्दुक हुस्न पर।
एक जाने ज़ार थी ले दे के परवानों के पास॥

हुस्न की बेबाक नज़रें दोस्त के नाज़ो नियाज़।
अब तो दिल आ ही गया अपने निगह बानों के पास॥

मौसमे गुल में सिवा हो जाएगा, जोशे जूनूं।
चन्द बीराने बना देना गुलिस्तानों के पास॥

अपने दिल की आग में तन्हा पड़े जलते रहे।
कौन आता देखने हम सोख़ता [4]जानों के पास॥

मिल गई हैं उनके दीवानों को इक मस्ती शिफ़ा।
और बाक़ी रह गई हर चीज़ [5]फ़रज़ानों के पास॥

---

१. वादे, २. प्यास, ३. निछावर, ४. दिल जले, ५. अकलमन्द।

३-८-१९७८

ग़ज़ल

तुम दिल में रहो या आँखों में हर तरह मिरी मुश्किल होगी।
दिल [1]रश्क करेगा आँखों से और आँखे [2]हरीफ़े दिल होगी॥

तुम सामने आ जाओ भी तो क्या अपनी ही नज़र हाइल होगी।
दीदार जभी मुमकिन होगा जब आँख किसी क़ाबिल होगी॥

इस नक़्दो [3]नज़र की [4]शिद्दत में दुशवार है उनका नज़्ज़ारा।
दीदारे सनम हो जाएगा जब ख़ुद से नज़र [5]ग़ाफ़िल होगी॥

अन्जाम से पहले ख़त्म हुआ हर एक महोब्बत का क़िस्सा।
क्योंकर इन अधूरे क़िस्सों से [6]तकमीले किताबे दिल होगी॥

हो जाएगा [7]वक़्फ़े आम जहाँ [8]फ़ैज़ान तुम्हारे [9]जलवों का।
हर [10]क़ल्ब का दामन फैलेगा हर आँख वहाँ [11]साइल होगी॥

ए दोस्त मैं तेरी राहों में हुँ रोज़े [12]अज़ल से [13]सरगरदाँ।
दीदार जहाँ होगा तेरा अपनी तो वहीं मन्ज़िल होगी॥

हो जाओगे बेबाक शिफ़ा जब [14]पुख़ता जुनूं हो जाएगा।
[15]ख़लवत में जो उनसे कह न सके, वह बात सरे महफ़िल होगी॥

---

१. जलेगा, २. दुश्मन, ३. मीनमेख, ५. ज्यादती, ५. भूल जाना, ६. पूरा होना, ७. हर एक के लिए, ८. कृपा, ९. दर्शन, १०. दिल, ११. माँगने वाली १२. आदिकाल, १३. फिर रहा हूं, १४. पक्का, १५. अकेले में।

१-१-१९७९

ग़ज़ल

महोब्बत औज पर आई है चुप रहते नहीं बनता।
हिदायत है ज़बाँ बन्दी की कुछ कहते नहीं बनता॥

न जाने क्यों हुई पैदा तमन्ना दिल में साहिल की।
लगा दो पार अब मंझदार में बहते नहीं बनता॥

बस अब जाने भी दो रूदादे [1]फ़ुरक़त खत्म कर डालो।
[2]नक़ाहत बढ़ गई है और ग़म सहते नहीं बनता॥

किसे मालूम कब मैं होश की हद से गुज़र जाऊँ।
जूनूँ आवाज़ा [3]कश है होश में रहते नहीं बनता॥

शिफ़ा अरमाँ भरे हैं दिल में लाखों उनसे कहने को।
उधर वो बेनीयाज़ी है कि कुछ कहते नहीं बनता॥

---

१. विरह की कहानी, २. कमज़ोरी, ३ ताने मारना।

३०-३-१९७९

ग़ज़ल

शब को सन्नाटा होता है सो जाती है जब दुनिया सारी।
कुछ लोग फ़साना लिखते हैं उन्वान है जिसका बेदारी।।

गो दिल का ताअलुक़ दुनिया के रिश्तों से नही नातों से नहीं।
फिर भी तो निभानी पड़ती है इस दुनिया की दुनियादारी।।

हम अस्ल में इनके [1]शाहिद हैं जो काम [2]बज़ाहिर करते हैं।
हम अपनी हक़ीक़त आप ही हैं बाक़ी है सभी ज़ाहिरदारी।।

इक शर्म थो सर झूक जाने में था पास बहुत ख़ुद्दारी का।
वो आए सर अपने आप झूका क्या शर्म कहाँ की ख़ुद्दारी।।

वो और नहीं हम और नहीं परदा सा मगर जो हाइल है।
एहसासे दुई तक है वरना क्या परदा क्या परदादारी।।

ए दोस्त तिरे मिलने की ख़ुशी दुनिया पे न ज़ाहिर हो जाए।
इस तरह मिरे दिल में आना इक [3]वज्द का आलम हो तारी।।

ये बन्दे ज़माँ ये क़ैदे मकाँ जब इनसे हुए आज़ाद शिफ़ा।
तो अस्ल मे ख़ुद [4]मुख़्तार हैं हम क्या मजबूरी क्या लाचारी।।

---

१. साक्षी, २. देखने में, ३. अपने आप में खो जाना, ४. मालिक।

१०-५-१९७०

ग़ज़ल

अब तो हक़ीक़तों से [1]गुरेज़ाँ रहेंगे हम।
यानि फ़रेब [2]ख़ुरदा-ए-[3]ख़ूबाँ रहेंगे हम ॥

क़िस्मत में आशिक़ी है अगर इश्क़ है गुनाह।
[4]ताज़ीस्त फिर तो [5]माइले [6]इस्याँ रहेंगे हम ॥

घेरे रहेंगी गो हमें ता उम्र [7]ज़ुल्मतें।
फिर भी [8]असीरे गेसुए जानाँ रहेंगे हम ॥

[9]पाय तलब की गरदिशे [10]पेहम कै [11]फ़ैज़ से।
[12]महवे [13]तवाफ़े [14]कूचा—ए—जानाँ रहेंगे हम ॥

मुमकिन रहेगी [15]तादमे आख़िर [16]अताए दोस्त।
[17]इमकाने लुत्फ़े यार पर नाज़ाँ रहेंगे हम ॥

[18]महदूद कर लिया है तमन्ना का सिलसिला।
अब तो [19]रिज़ा—ए—दोस्त पर [20]शादाँ रहेंगे हम ॥

पेशे नज़र है उनकी [21]फ़िरावानी—ए—अता।
शिकवा [22]सराए—[23]तंगी—ए—दामाँ रहेंगे हम ॥

माना हमारे दर्द की क़िस्मत नहीं शिफ़ा।
फिर भी किसी के दर्द का [24]दरमाँ रहेंगे हम ॥

---

१. अलग-दूर, २. धोका खाए हुए, ३. सुन्दर लोग, ४. जिन्दगी भर, ५. पाप के शौकीन, ६. घेरे, ७. कैदी, ८. चाहने वाला पाँव, ९. लगातार चक्कर, १०, कृपा ११. लगे रहे, १२. परिक्रमा, १३. दोस्त की गली, १४. आखिरी साँस, १५. मित्र की कृपा, १६. मुमकिन, १७. हद में सीमित, १८. खुशी, १९. खुश २०. बहुत सारी कृपा, २१. शिकायत करने वाले, २२. पल्ले का छोटा होना, २३. छलाँग।

९१-७-१९७९

ग़ज़ल

[1]मुरशिद के हुए ! जब से तक़दीर का क्या कहना ।
उस दर पे [2]जबीं रख दी तदबीर का क्या कहना ।।

मैं महवे [3]तमाशा था वो माइले [4]शफ़क़त थे ।
ये ख़्वाब में देखा था [5]ताबीर का क्या कहना ।।

बीमारे महोब्बत को क्योंकर न शिफ़ा होगी ।
मुरशिद ने दवा दी है [6]तासीर का क्या कहना ।।

हमने जो नज़र डाली वो दिल में उतर आयी ।
उस जाने दो आलम की तस्वीर का क्या कहना ।।

[7]आशुफ़ता मिज़ाजों को पाबन्दे नज़र देखा ।
सरकार महोब्बत की ज़ंजीर का क्या कहना ।।

हर चीज़ हमारी है यूं कुछ भी नहीं अपना ।
हम उनके [8]गदा ठहरे जागीर का क्या कहना ।।

हर मौजे [9]हवादिस से कुछ और निखर आई ।
अपने भी मुक़द्दर की [10]तहरीर का क्या कहना ।।

वो नूरे [11]मुजस्सम जब [12]जलवों पे हुआ माइल ।
हर क़ल्ब हुआ रौशन [13]तनवीर का क्या कहना ।।

हम भी थे [14]मशीयत की नज़रों में शिफ़ा शायद ।
जो तीर लगा दिल पर उस तीर का क्या कहना ।।

---

१. गुरु, २. माथा, ३. देखने में मग्न, ४. कृपा पर उतरे हुए, ५. फल, ६. असर, ७. विगड़े हुए, ८. फ़क़ीर, ९. दुर्घटना, १०. लिखावट, ११. साक्षात, १२. दर्शन देना, १३. रौशनी, १४. प्रभु इच्छा ।

२१-९-१९७९

ग़ज़ल

दिल पर गहरी चोट लगी थी फिर भी हम घबराए कम ।
प्यार में हमने मात भी खाई लेकिन हम पछताए कम ।।

ग़म का जो [1]सैलाब चला था सीने में ही रोक लिया ।
दिल में था जज़बात का तूफ़ाँ हमने अश्क बहाए कम ।।

दुनिया थी शतरंज की बाज़ी और हवस का जाल भी था ।
हम भी थे इस खेल में शामिल दाम में लेकिन आए कम ।।

इश्क़ की राहें रंगीं थीं कुछ लोग हमारे साथ रहे ।
राहे वफ़ा [2]पुरख़ार थी इतनी साथ हमारे आए कम ।।

एहले हवस थे उनमें ज़ियादा जिनसे यहाँ मुडभीड़ हुई ।
आँखों से आँखें तो लड़ी हैं दिल से दिल टकराए कम ।।

लज्ज़ते [3]ईज़ा इतनी है हमको तो [4]मुदावा रास नहीं ।
दाग़ तो दिल पर और भी थे चारागर को गिनवाए कम ।।

आप में थे [5]औसाफ़ हज़ारों हम मे कोई बात न थी ।
आप को अक्सर याद किया है आपको हम याद आए कम ।।

प्यारी थी हर चीज़ चमन की बूटे, डाली ग़ुन्चे क्या ।
काटों से भी प्यार किया है दामन से उलझाए कम ।।

सारे पापड़ बेले हैं अब अपना है ये क़ौल शिफ़ा ।
ख़ुश रहना हो दुनिया में तो दुनिया की अपनाए कम ।।

---

१. बहाव, २. काँटों भरी, ३. दुःख का शौक, ४. इलाज, ५. गुण ।

१५-१०-१९७९

ग़ज़ल

ज़िन्दगी है [1]बारगाहे दोस्त मे आने का नाम ।
मौत है दुनिया के धंधों में उलझ जाने का नाम ।।

[2]मै परस्ती है के पीकर पाँव को लग़ज़िश न हो ।
मैकशी है जाम दो पीकर बहक जाने का नाम ।।

बेख़ुदी है, [3]नेको बद में हो न कोई [4]इम्तियाज़ ।
होश है आमाले [5]बद के बाद पछताने का नाम ।।

बेनियाज़ी है के दिल में आरज़ू कोई न हो ।
है [6]क़नाअत हाले बद में दिल को समझाने का नाम ।।

आशिक़ों से दूर रहना हुस्न का अन्दाज़ है ।
आशिक़ी है हुस्न पर क़ुर्बान हो जाने का नाम ।।

इश्क़ वो है [7]हेच हो सब कायनात उनके बग़ैर ।
वस्ल है खोकर ख़ुदी उनमें समा जाने का नाम ।।

बन्द माँखों में नज़र वो आएं ये है ज़ौक़े दीद ।
जज़बा-ए-दिल उनके दिल तक बात पहुँचाने का नाम ।।

उनके आगे सर झुका देना है उनकी बन्दगी ।
और [8]इरफ़ाँ उनको अपने आप मे पाने का नाम ।।

ऐ शिफ़ा दस्ते दुआ उठ्ठे तो है तौहीने इश्क़ ।
और [9]दरयुज़ागरी है हाथ फैलाने का नाम ।।

---

१. दोस्त के दरबार में, २. शराब की पूजा, ३. अच्छा-बुरा, ४. पहचान, ५. बुरे-काम, ६. सबक़, ७. तुच्छ, ८. ज्ञान, ९. भीख माँगना ।

१-११-१९७९

ग़ज़ल

अब दिल से क़ैदो बन्द के सामाँ निकल गए।
उनकी नज़र पड़ी कि सब अरमाँ निकल गए॥

मेहमाँ—कदा—ए—दिल में थी जो भीड़ छट गई।
अब वो रहेंगे और सब मेहमाँ निकल गए॥

हैं मिसले संगे मील गरीबाँ की धज्जियाँ।
जिस राह से हम चाक गरीबाँ निकल गए॥

ऐहबाब फ़िक्र करते रहे ज़ादे राह की।
उस राह से हम बे सरो सामाँ निकल गए॥

पहले वो बेनियाज़ रहे दिल के दर्द से।
और अब इलाजे दर्द के इम्काँ निकल गए॥

दुनियाँ हमें फ़रेब से माइल न कर सकी।
दिल में लिए तसव्वुर जानाँ निकल गए॥

आसान तो न थी शिफ़ा दुनिया की रह गुज़र।
जिस राह से हम शादाँ—ओ—खन्दाँ गुज़र गए॥

५-११-१९७९

ग़ज़ल

रहेंगे आप मुझपर इस तरह ना मेहरबाँ कब तक ।
ये परदा शौक़ का हाइल रहेगा दरमियाँ कब तक ।।

मुझे कब तक सताएगा अभी [1]आज़ार [2]फ़ुरक़त का ।
मुझे लिखनी पड़ेगी और ग़म की दास्तां कब तक ।।

गरीबाँ चाक में कब तक फिरूंगा दश्ते [3]बेहशत में ।
मिरे दामन की यूं उड़ती फिरेंगी धज्जियाँ कब तक ।।

मिरी दीवानगी का आख़िरश अन्जाम क्या होगा ।
इस [4]आशुफ़तासरी का साथ देंगे जिस्मो जाँ कब तक ।।

कोई हद भी मुक़र्रर की है मेरी तशना कामी की ।
मुझे दो घूंट को तरसाएगा पीरे मुग़ाँ कब तक ।।

मुझे कुछ ओज़ करने के लिए इरशाद कब होगा ।
अभी रहना पड़ेगा और मुझको बेज़बाँ कब तक ।।

तुम्हारी राह में मन्ज़िल मिरी आसान कब होगी ।
तुम्हारी चाह में पेश आएंगी दुशवारियाँ कब तक ।।

तुम्हें कब आएगा आख़िर यक़ीं मेरी वफ़ाओं का ।
महोब्बत में मुझे देने पड़ेंगे इम्तिहाँ कब तक ।।

शिफ़ा वो जल्द आएंगे जहाने राज़ से बाहर ।
तड़प ये रंग लाएगी रहेंगे वो [5]निहाँ कब तक ।।

---

१. दुःख, २. विरह. ३. पागलपन के जंगल, ४. सिरफिरापन, ५. छुपे हुए ।

१२-११-१९७९

ग़ज़ल

ख़िरदमन्द हमको कोई मान ले क्यों,
किसे हो यक़ीं सर में सौदा नहीं है।

कै हम ऐसे माशूक़ पर मर रहे हैं,
जिसे आज तक हमने देखा नहीं है॥

झलक उसकी हमने हसीनों में देखी,
कहीं चाँद सूरज में देखा है[1] परतौ।

गुलों में मिले रंगो बू उसके बेशक,
मगर ये सब उसका [2]सरापा नहीं है॥

बयाँ उसका एहले ख़िरद से सुना है,
हर इक बात पर अक़्ल होती है हैराँ।

सुना है वो [3]ख़ालिक़ है दोनों जहाँ का,
मगर वो कोई काम करता नहीं है॥

नहीं कान लेकिन वो सुनता है सब कुछ,
नहीं आँख लेकिन तमाशाई हैं वो।

जहाँ जाओ मौजूद पाओगे उसको,
कमाल इसमें ये है वो चलता नहीं है॥

किसी से कभी उसकी की है शिकायत,
तो उल्टा हमीं पे है इल्ज़ाम आया।

[4]मुजस्सम महोब्बत बताते हैं उसको,
हमीं ने अभी दिल से चाहा नहीं है॥

किसी से ख़बर कोई मिलती है उसकी,
तो होती है ना [1]एहलियत अपनी ज़ाहिर ।

हमीं आज तक देखने से हैं [2]कासिर,
रुख़े यार पर कोई परदा नहीं है ।।

तलब भी नही मुद्दआ भी नही कुछ,
तो फिर किस लिए की है उससे महोब्बत ।

अगर वो कहे आके क्या चाहते हो,
तो हम क्या कहेंगे ये सोचा नहीं है ।।

ज़रा बेबसी इश्क़ की देखिएगा,
के बैठे हैं हरदम [4]तसव्वुर में उसके ।

उसी के करम से है दीदार मुमकिन,
कोई उस पे अपना [5]इजारा नही है ।।

इधर हिज्र में दिन ब दिन हाल अबतर,
उधर आज तक है वही बेनियाज़ी ।

शिफ़ा हम किसी और से प्यार करते,
मगर क्या करें कोई ऐसा नहीं है ।।

---

१. प्रतिबिम्ब, २. पूरा वर्णन, ३. बनाने वाला, ४. ठोस, ५. ना काबिल, ६. न देख सके, ७. ध्यान, ८. ज़ोर ।

१२-१२-१९७९

ग़ज़ल

'मुसलसल तुम्हें याद करता रहा हूं,
तुम्हें होके मजबूर आना पड़ेगा।

महोब्बत में तुमसे जो मैं चाहता हूं,
तुम्हें एक दिन मान जाना पड़ेगा॥

मिरे अश्क फ़ुरक़त में बहते रहेंगे,
मगर उससे पहले के आंखें मैं खो दूं।

तुम्हें मुझसे आँखें मिलानी पड़ेंगी,
मुझे देखकर मुस्कुराना पड़ेगा॥

कई जन्म बीते मुझे चाह करते,
बहुत उम्र गुज़री मुझे आह भरते।

मिरी आस टूटे तुम्हें उससे पहले,
मिरे दिल में आसन जमाना पड़ेगा॥

नही दख़ल कुछ 'मस्लहत में तुम्हारी,
मगर अब नही काम देगा' तग़ाफ़ुल।

के है ठीक मंझधार में मेरी कश्ती,
इसे अब किनारे लगाना पड़ेगा॥

मिरा हाल तुम जानते हो बख़ूबी,
कि अब में नही ग़म उठाने के क़ाबिल।

मिरे सर पे है बारे ग़म मुद्दतों से,
मगर अब ये तुमको उठाना पड़ेगा॥

ये माना था इक वक़्त आवारगी का,
भटकने में भी एक लज़्ज़त थी लेकिन ।
मुझे रौशनी अब दिखानी पड़ेगी,
तुम्हें राह पर मुझको लाना पड़ेगा ।।
मुझे तो बस इस बात का हौसला है,
कि मैं दीन हूं और हूं भी तुम्हारा ।
उठाने का तुम [४]कौल हारे हुए हो,
तुम्हें ध्यान है या दिलाना पड़ेगा ।।
मिरे दिल की हालत कहाँ तक है बिगड़ी,
ये ख़ुद देख लो दिल पे तुम हाथ रखकर ।
मगर इस से पहले कि दिल साथ छोड़े,
तुम्हें ख़ुद को मुझसे मिलाना पड़ेगा ।।
शिफ़ा क्या बताएं तसव्वुर में कितनी,
कमी उनसे महसूस होती है [५]क़ुरबत ।
मगर आँख खुलते ही लगता है जैसे,
अभी तो बहुत दूर जाना पड़ेगा ।।

---

१. लगातार, २. समझदारी, ३. बेपरवाही, ४. वचन हारे हुए हो, ५. नज़दीकी ।

२६-१२-१९७९

ग़ज़ल

अगर राज़े [1]दुइ हम पा गए फिर हम नहीं होंगे।
समझ में आप जिस दिन आ गए फिर हम नहीं होंगे॥

हम अपने शौक़ से हैं आपके हर खेल में शामिल।
अगर इस खेल से उक्ता गए फिर हम नहीं होंगे॥

हमें तो बाँध रक्खा है हमारे दिल की ख़्वाहिश ने।
हम अपनी ख़्वाहिशों पर छा गए फिर हम नहीं होंगे॥

यहाँ तो आपका दीदार हैं इस [2]ज़ीस्त का मक़सद।
किसी दिन सामने आप आ गए फिर हम नहीं होंगे॥

हमारा मुद्दआ है आप में ख़ुद को समो देना।
करम कुछ आप अगर फ़रमा गए फिर हम नहीं होंगे॥

ये दुनिया आपका गुलशन हम इसमें मिसले शबनम हैं।
मिसाले आफ़ताब आप आ गए फिर हम नहीं होंगे॥

ये जिस्मो जान लेकर आपको हम ढूँढने निकले।
किसी दिन आप हमको पा गए फिर हम नहीं होंगे॥

जुदा ख़ुद से किया क्यों आपने ये आप ही जानें।
किसी दिन आप ही अपना गए फिर हम नहीं होंगे॥

शिफ़ा हम भी हैं जब तक आपको है रोग माया का।
शिफ़ा आप इससे जिस दिन पा गए फिर हम नहीं होंगे॥

---

१. द्वैत, २. जीवन।

३-१-१९८०

ग़ज़ल

जिसका भरोसा उनपर [1]कामिल।
क्या मंझदार उसे क्या साहिल॥

प्यार हमारी ज़ीस्त का हासिल।
प्यार ही [2]जादा प्यार ही मंज़िल॥

कोई अनोखी बात नहीं है।
वो जो हुए हैं हम पर [3]माइल॥

वो पहले भी दूर नहीं थे।
दुनिया आन हुई थी [4]हाइल॥

दुनिया निकली रैन बसेरा।
हम समझे थे इसको मन्ज़िल॥

ठीक दिया हमको ग़म अपना।
एक हमीं थे इसके क़ाबिल॥

इन आँखों में झाँक कै देखो।
किसकी सजी हुई है महफ़िल॥

है ही नहीं जब दूसरा कोई।
कौन सखी है कौन है साइल।

तुम तो शिफ़ा दिल उनको दे दो।
जो कहना है कह लेगा दिल॥

---

१. पूरा, २. रास्ता, ३. कृपालु, ४. रुकावट।

१७-१-१९५०

ग़ज़ल

अब हो रहे हैं दीद के सामाँ नये नये।
पेश आ रहे हैं वस्ल के इनकाँ नये नये॥

आबो हवा ख़ुलूस की रास आएगी ज़रूर।
दिल में हुए हैं आप अभी मेहमाँ नए नए॥

ये भी किसी को चश्मे इनायत का फ़ैज़ है।
दिल में उभर रहे हैं जो अरमाँ नए नए॥

दामन की ख़ैर है न गरीबाँ की ख़ैर है।
हम हैं जूनूं में चाक गरीबाँ नए नए॥

फ़रयाद लब पर आ गई जानाँ ख़ता मुआफ़।
हम हैं असीरे काकुले[1] पेचाँ नए नए॥

शब को भी ख़्वाब में नहीं दिल को सुकूँ नसीब।
हम देखते हैं ख़्वाबे[2] परीशाँ नए नए॥

अब दर्द भी नया है नया चारासाज़ भी।
हर रोज़[3] ज़ेरे ग़ौर हैं[4] दरमाँ नए नए॥

मैख़ाना-ए-हयात में[5] बादाकशी के बाद।
पीने चले हैं बादा-ए-इरफ़ाँ[6] नए नए॥

इश्क़े बुताँ[7] के याद हैं आदाब सब शिफ़ा।
लेकिन हुए हैं आशिक़े[8] यज़दाँ नए-नए॥

---

१. उलझी हुई लटें, २. घबराने वाले, ३. ख़्यालों में, ४. इलाज, ५. शराब पीना, ६. ज्ञान की शराब, ७. मर्यादा, ८. भगवान।

४-४-८०

ग़ज़ल

बस वही है ज़िन्दगी जो आप को अच्छी लगे।
और वो हैं [1] आगही जो आप को अच्छी लगे॥

आपकी क़ुदरत नें हमको चाहिए क्या[2] इख़्तियार।
सबसे अच्छी बेबसी जो आपको अच्छी लगे॥

[3]करोंफ़र जाहो[4] हशम हमको नहीं कुछ चाहिए।
रास है वो सादगी जो आपको अच्छी लगे॥

आप के ग़म में तड़पना भी हमें मन्ज़ूर है।
है वही अपनी ख़ुशी जो आपको अच्छी लगे॥

हमने हर उन्वान से की है[5] परसतिश आपकी।
वो मगर है बन्दगी जो आपको अच्छी लगे॥

क्या हमारे काम आई होश की चारागरी।
उससे बेहतर बेख़ुदी जो आपको अच्छी लगे॥

आपकी आँखों से अब तो हमको पीनी है शराब।
होगी वो [6]बादाकशी जो आपको अच्छी लगे॥

आपकी दुनिया में यूँ तो नेमतें हैं बेशुमार।
हो अता हमको वही जो आपको अच्छी लगे॥

हो सके तो दीजिए अपने शिफ़ा को एक जाम।
हो वही साक़ीगरी जो आपको अच्छी लगे॥

---

१. ज्ञान, २. क़ाबू, ३. शान शौकत, ४. पदवी और इज़्ज़त, ५. पूजा, ५. शराब पीना।

२५-१-८१

ग़ज़ल

दिला महोब्बत है[1] वालेहाना,
तो [2]ख़ौफ़े रो[3]ज़े हिसाब कैसा।

जहाँ महोब्बत हो[4] कारफ़रमा,
[5]सवाब कैसा अज़ाब[6] कैसा॥

अगर महोब्बत से दिल मिलें दो,
तो तरजुमाँ की हो क्या ज़रूरत।

जहाँ निगाहों से गुफ़्तगू हो,
सवाल कैसा जवाब कैसा॥

रुख़े [7]मुनव्वर से उनके उठकर,
नज़र को मिलता कहाँ ठिकाना।

कहीं जो ले दे के इक हसीं हो,
वहाँ भला [8]इन्तख़ाब कैसा॥

उसे सुनो दिल की [9]वुसअतों में,
जो साज़ अन्हद का बज रहा है।

वहाँ न बाँगे[10] दुहल रवा है,
[11]सरोशे चंगे [12]रबाब कैसा॥

जो हमने साक़ी न जाम उठाया,
तो इसमें तौहीने मै नहीं है।

जब उनकी आँखों से पी रहे हों,
तो पासे जामे शराब कैसा॥

यही वो दिल जिसकी [१२]शोरिशों से,
न हमने पाया क़रार हरगिज़ ।
वही दिल आख़िर हज़ूरे [१६]मुरशिद,
हुआ है अब लाजवाब कैसा ।।

इधर जो है [१४]इज़तिराब दिल में,
उधर सिवा इससे बेक़रारी ।
ये रंग लाई है क्या महोब्बत,
ये आ गया इनक़िलाब कैसा ।।

शबे [१५]गुज़शता वो नूर पैकर,
गले से हमको लगा रहा था ।
ये किस ख़ुशी की है आमद[१३] आमद,
ये हमने देखा है ख़्वाब कैसा ।।

शिफ़ा ये देखा [१७]अज़ल से अब तक,
न हुस्न बदला न आप बदले ।
सरे ज़मानो मकाँ से उठकर,
कहाँ है पीरी शवाब कैसा ।।

---

१. बेक़रारी, २. डर, ३. फल मिलना, ४. काम करती हो, ५. पुण्य-पाप का फल, ६. ख़ुबसूरत, ७. पसन्द करना, ८. गहराईयों, ९. ढोल की आवाज़, १०. शोर, ११. बाजे का नाम, १२. शरारतों, १३. गुरु के सामने, १४. बेचैनी, १५. पिछली रात, १६. आने का समाचार, १७. आदिकाल ।

१७-२-८१

ग़ज़ल

मिरी नज़र से हटाओ परदा,
रुख़े हसीं बेनक़ाब करदो।

जो [1]मासिवा की बसी हुई है,
वो दिल की दुनिया ख़राब कर दो॥

जुनूं था रहबर [2]ख़िरद ने लेकिन,
दिखा दिए [3]सब्ज़ बाग़ मुझको।

मिरे जुनूँ को [4]फ़िरोग़ बख़्शो,
ख़िरद को अब लाजवाब कर दो॥

नसीब होगी मुझे हूज़ुरी,
के है मुक़द्दर में और दूरी।

ये कशमकश मेरी दूर करके,
जो फ़ैसला हो [5]शिताब कर दो॥

तुम्हारी राहें तो अनगिनत हैं,
मगर जो आसाँ हो हर तरह से।

मैं [6]नातवाँ हूं मिरे लिए तो,
वो रहे गुज़र इन्तख़ाब कर दो॥

किसी किसी से तो [7]दू-ब्दू,
गुफ़्तगू भी की है दिए हैं दर्शन।

मिरे तुम्हारे जो दरमियाँ है,
वो दूर दिल से [8]हिजाब कर दो॥

जहान में जितने[१०] तशनालब है,
सभी की तशनालबी मिटाओ।
नज़र से बरसे मये [११]हक़ीक़त,
दिलों को मस्ते शराब कर दो॥
ज़रा करम की नज़र तो डालो,
तुम आप अपनी ही रह गुज़र पर।
यहाँ जो ज़र्रे चमक रहे हैं,
तमाम को [१२]आफ़ताब कर दो॥
हम [१३]एहले दिल के मुआमले में,
अजब तुम्हें पुरमज़ाक़ पाया।
जिसे मिलाना हो ख़ुद से उसकी,
बसा के दुनिया ख़राब कर दो॥
शिफ़ा के तुम एक हो[१४] मुअल्लिम,
सबक़ दो उसको अब और आगे।
किताब [१५]फ़ुरक़त की ख़त्म कर ली,
शुरू [१६]इनायत [१७]काबाब कर दो॥

---

१. तुम्हारे सिवा, २. बुद्धि, ३. प्रोत्साहन देना, ४. बढ़ाओ, ५. जल्दी, ६. निर्बल, ७. डगर-रास्ता, ८. शर्म, ९. आमने-सामने, १०. प्यासे, ११. सत्यता की शराब, १२. सूर्य, १३. प्रेमी, १४. पढ़ाने वाले, १५. विरह, १६. कृपा १७. अध्याय।

१९-३-८१

ग़ज़ल

जो है संसार झूटा तुम मिरे संसार बन जाओ।
सहारा दो मुझे मन के मिरे आधार बन जाओ॥

मिरी गरदन में है जो तौक़ दुनिया की ग़ुलामी का।
इसे काटो तुम्हीं मेरे गले का हार बन जाओ॥

गिरा दो जो हमारे दरमियाँ दीवार हाइल है।
अगर दीवार लाज़िम है तुम्हीं दीवार बन जाओ॥

अगर मंझधार में ही डूबना मेरा मुक़द्दर है।
न पकड़ो हाथ मेरा बस तुमही मंझधार बन जाओ॥

अगर मुझको ज़मीं पर क़ैद रखना है ज़माने में।
ज़मीं बन जाओ आकर वक़्त की रफ़्तार बन जाओ॥

तुम्हें [1]मरग़ूब है इतना ही चश्मे शौक से परदा।
रहो परदे में मेरी हसरते दीदार बन जाओ॥

अगर आज़ाद करना है मुझे दुनिया के बन्धन से।
तो आकर काट दो रिश्ते सभी तलवार बन जाओ॥

जो लज़्ज़त देखना चाहो बक़दरे जौक़ पीने की।
तो मेरे हाथ में मीना दो ख़ुद मेख़ार बन जाओ॥

तमाशा देख लो तुम भी ज़रा [2]आज़ारे फ़ुरक़त का।
शिफ़ा मुझको बनाया है तो ख़ुद बीमार बन जाओ॥

---

१. पसन्द, २. विरह का दुःख।

२४-४-८१

ग़ज़ल

हम अपनी कोशिश तो कर रहे हैं, करम का है इन्तज़ार बाक़ी।
हर इक तकल्लुफ़ हुआ है पूरा, रहा है दीदारे यार बाक़ी ॥

अभी तो कुछ दिन ऐ जोशे वहशत, न छोड़ियो साथ तू हमारा।
के हम ज़रा इनको ख़त्म कर लें, जो हैं गरीबां में तार बाक़ी ॥

बस एक तोहफ़ा बचा लिया है, जो दे सकूँ वक़्ते रुनूमाई।
तड़प तुम्हारी है जिसमें रक्खा है, वो दिले बेक़रार बाक़ी ॥

कभी तसव्वुर में चश्मे साक़ी से, मिल गई थी शराबे [1]वेहदत।
वो कब मिली याद भी नहीं है, मगर है उसका ख़ुमार बाक़ी ॥

जो वादा-ए-वस्ल रोज़े अव्वल, किया था तुमने दमे जुदाई।
उसी पे है [2]इनहिसार अब तो, उसी का है इन्तज़ार बाक़ी ॥

ये सब उसी के तो हैं तमाशे, नज़र के आगे जो हो रहे हैं।
ये ख़त्म हो जाएंगे किसी दिन, रहेगा परवरदिगार बाक़ी ॥

हम एहले दिल को तो इम्तिहाँ में, भी है [3]फ़क़त आपका सहारा।
जो आज़माइश कड़ी करेंगे, रहेगा किसका [4]वक़ार बाक़ी ॥

हुज़ूर अब तो गराँ है दिल पर, फ़िराक़ में एक-एक लम्हा।
मुझे तो है अरज़े हाल करना, है आपको इख़्तियार बाक़ी ॥

किसी को दुनिया से प्यार होगा, शिफ़ा तो है बेनियाज़े दुनिया।
है तुमसे मिलने की आस इससे, जो ज़िन्दगी से है प्यार बाक़ी ॥

---

१. अद्वैत, २. निर्भर, ३. सिर्फ़, ४. मान।